


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 262

ग्वालियर, शनिवार 11 जून 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## डेनमार्क के राजदूत ने सीएम अरविंद केजरीवाल से की मुलाकात, इलेक्ट्रिक वाहन पॉलिसी को सराहा

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार दिल्ली में 24 घंटे नल से साफ जल, साफ हवा और विश्व स्तरीय सड़क मुहैया कराने में डेनमार्क के साथ मिलकर काम करेगी। डेनमार्क के राजदूत फ्रेड्डी स्वेन आज दिल्ली सचिवालय में सीएम अरविंद केजरीवाल से मिलने आए थे। इस दौरान दोनों के बीच वायु प्रदूषण, ग्राउंड वाटर रिचार्ज और विश्व स्तरीय सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर पर विस्तार से चर्चा हुई। सीएम अरविंद केजरीवाल ने डेनमार्क के राजदूत से ग्राउंड वाटर रिचार्ज और वायु प्रदूषण कम करने को लेकर डेनमार्क में किए गए प्रयासों पर प्रजेंटेशन देने की बात कही। डेनमार्क जल्द ही ग्राउंड वाटर रिचार्ज और वायु प्रदूषण को लेकर सीएम अरविंद केजरीवाल के सामने एक प्रजेंटेशन देगा। वहीं, सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम चाहते हैं कि दिल्ली की सड़कें विश्वस्तरीय हों। हम दिल्ली में यूरोप की तर्ज पर 500 किमी. लंबी सड़क के री-डिजाइन पर कर रहे काम हैं। इसी के मद्देनजर हम दिल्ली की 500 किमी. लंबी सड़कों को यूरोपीय देशों के मानदंड पर बना रहे हैं। हम सड़कों के सौंदर्यीकरण कार्य में डेनमार्क के साथ मिलकर काम कर सकते हैं। डेनमार्क के राजदूत फ्रेड्डी स्वेन ने केजरीवाल सरकार की तरफ से दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जमकर सराहना की। खासकर, ईवी पॉलिसी को उन्होंने खूब सराहा। दिल्ली सरकार के ई-ऑटो प्रोजेक्ट की



भी बेहद तारीफ की। उन्होंने यह भी बताया कि ई-ऑटो को चलाने का अनुभव भी उन्होंने लिया है, जो बेहद सुखद और रोमांचक था। इस दौरान डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया भी मौजूद रहे। भारत में डेनमार्क के राजदूत फ्रेड्डी स्वेन और डेनमार्क एम्बेसी की अर्बन डेवलपमेंट काउंसलर अनिथा कुमारी शर्मा ने आज दिल्ली सचिवालय आकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। डेनमार्क के राजदूत फ्रेड्डी स्वेन ने दिल्ली के बाद पंजाब में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर सीएम अरविंद केजरीवाल को बधाई दी। इस दौरान दोनों के बीच वायु प्रदूषण, भू-जल बढ़ाने और विश्वस्तरीय सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर विस्तार से चर्चा हुई और इस पर साथ मिलकर काम करने पर विचार-विमर्श हुआ। राजदूत ने कहा कि डेनमार्क ने भूजल रिचार्ज पर काफी काम किया है और हमारे पास अच्छी टेक्नोलॉजी है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम भी भूजल रिचार्ज पर काम कर रहे हैं और इसमें डेनमार्क के साथ मिलकर और बेहतर काम कर सकते हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में बारिश के पानी को ग्राउंड वाटर रिचार्ज में इस्तेमाल करने की काफी संभावना है। इससे हम अपनी पानी की जरूरत को पूरा कर सकते हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल ने डेनमार्क के राजदूत से कहा कि डेनमार्क में भूजल रिचार्ज को लेकर जो भी अच्छे काम हुए हैं, उनका विस्तार से एक प्रजेंटेशन दें, ताकि हम उसे समझ सकें और बेहतर होने पर उस पर साथ मिलकर काम कर सकें। उम्मीद है कि भूजल रिचार्ज पर अगले सप्ताह डेनमार्क प्रजेंटेशन देगा।

## चीन के मामले में भारत के साथ विश्वासघात' कर रही मोदी सरकार : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने %भारत से लगी सीमा के निकट चीन द्वारा बुनियादी ढांचे का विकास करने पर अमेरिकी वरिष्ठ सैन्य अधिकारी के बयान की पृष्ठभूमि में आरोप लगाया



कि बीजिंग के इस कदम को नजरअंदाज कर केंद्र सरकार भारत के साथ 'विश्वासघात' कर रही है। उन्होंने ट्वीट किया, चीन भविष्य में शत्रुतापूर्ण कार्रवाई के लिए बुनियाद तैयार कर रहा है। इस नजरअंदाज करके मोदी सरकार भारत के साथ विश्वासघात कर रही है। गौरतलब है कि अमेरिकी सेना के प्रशांत क्षेत्र के कमांडिंग जनरल चार्ल्स ए. फ्लिन ने कहा था कि भारत से लगती सीमा के निकट चीन द्वारा कुछ रक्षा बुनियादी ढांचे स्थापित किया जाना चिंता की बात है। इसपर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत चीन से उम्मीद करता है, कि अगले दौर की सैन्य स्तर की वार्ता में वह पूर्वी लद्दाख से जुड़े मुद्दों का साझा रूप से स्वीकार्य समाधान निकालने के लिए काम करेगा, क्योंकि दोनों पक्षों का मानना है कि मौजूदा स्थिति का लंबा खिंचना किसी के हित में नहीं है।

## कच्चे तेल का दाम 10 साल के उच्च स्तर पर, तेल कंपनियों ने कीमतें नहीं बढ़ाई




**नई दिल्ली।** भारत की तरफ से खरीदे जाने वाले मानक कच्चे तेल का दाम एक दशक के उच्च स्तर 121 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच चुका है। लेकिन इसके बावजूद पेट्रोल और डीजल का बिक्री मूल्य स्थिर बना हुआ है। पेट्रोलियम नियोजन एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के आंकड़ों के अनुसार भारतीय मानक कच्चा तेल नौ जून को 121.28 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इससे पहले कीमत का यह स्तर फरवरी/मार्च 2012 में देखा गया था। पीपीएसी के मुताबिक रूस-यूक्रेन युद्ध के तुरंत बाद भारतीय कच्चा तेल मानक मूल्य 25 फरवरी और 29 मार्च के बीच औसतन 111.86 डॉलर प्रति बैरल रहा। तीस मार्च से 27 अप्रैल के बीच यह औसतन 103.44 डॉलर प्रति बैरल था। हालांकि शुक्रवार को इसमें गिरावट आई। अगस्त महीने के लिये ब्रेंट क्रूड वायदा की कीमत 81 सेंट (0.81 डॉलर) कम होकर 122.26 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई। अमेरिकी वेस्ट टेक्स इंटरमीडिएड क्रूड का भाव जुलाई में 79 सेंट कम होकर 120.72 डॉलर प्रति बैरल रहा। तेल के दाम में घट-बढ़ के बावजूद देश में खुदरा कीमतें स्थिर बनी हुई हैं।

# दिल्ली जामा मस्जिद, लखनऊ और सहारनपुर में नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने किया प्रदर्शन

### पैगंबर मोहम्मद के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी का मामला

**नई दिल्ली।** दिल्ली की जामा मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पैगंबर मोहम्मद पर नूपुर शर्मा के बयान के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया। बड़ी संख्या में लोग बैनर और पोस्टर लेकर पहुंचे, जिसमें नूपुर शर्मा और नवीन जिंदल की तस्वीरें लगी हुई हैं। दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को शांत करते हुए उन्हें समझा-बुझाकर घर भेजने का प्रयास किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस बात का पहले ही अंदाजा लगाया जा रहा था कि जामा मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद इस मुद्दे पर विवाद हो सकता है। इसलिए पहले से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे।



उल्लेखनीय है कि नूपुर शर्मा ने एक टीवी डिबेट के दौरान पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी की थी, जिसे लेकर लगातार बवाल हो रहा है। कानपुर में बीते सप्ताह शुक्रवार को इस मुद्दे पर हिंसा भड़क गई थी, जिसके बाद से मुजफ्फरनगर से काशी तक बेहद सख्ती बरती जा रही है। जुमे के मौके पर आसमान में ड्रोन से निगरानी की जा रही है, तो वहीं जमीन पर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। उत्तर प्रदेश में कहीं भी प्रदर्शन की खबर नहीं है, लेकिन राजधानी दिल्ली में इतने बड़े विरोध प्रदर्शन ने दिल्ली पुलिस की तैयारियों और उसके खुफिया इनपुट को लेकर सवाल खड़े किए हैं। जामा मस्जिद में जुटे प्रदर्शनकारियों की मांग की कि नूपुर शर्मा और नवीन जिंदल के खिलाफ पुलिस कार्रवाई होनी चाहिए। उन्हें भाजपा से निलंबित करना या फिर बर्खास्त किया जाना ही काफी नहीं है। नमाज के बाद सैकड़ों की संख्या में लोग बाहर निकले और नारेबाजी करने लगे। लोगों ने जिस तरह से बैनर और पोस्टर अपने हाथों में ले रखे थे, उससे साफ होता है कि प्रदर्शन की पहले से ही तैयारी की गई थी। हालांकि, जामा मस्जिद के शाही इमाम ने कहा कि मुझे बारे में कोई जानकारी नहीं है। खबर है, लखनऊ की टीले वाली मस्जिद में भी प्रदर्शन किया गया है। इसके अलावा यूपी के ही सहारनपुर में भी प्रदर्शन किया गया है। कोलकाता में भी कुछ मस्जिदों के पास प्रदर्शन किए गए हैं। गौरतलब है कि अब इस विवाद ने अंतरराष्ट्रीय रूप ले लिया है। ईरान, सऊदी अरब, बहरीन, यूएई, कतर समेत 16 से अधिक इस्लामिक देशों ने इस मसले आपत्ति दर्ज कराई है।

## हमारे तीनों उम्मीदवार चुनाव जीत रहे है: पायलट



**जयपुर।** राजस्थान में 4 सीटों पर राज्यसभा के चुनाव हो रहे है इसी बीच सचिन पायलट ने वोटिंग के बाद मीडिया से बात करते हुए दावा किया कि हमारे तीनों उम्मीदवार चुनाव जीत रहे है. मतगणना के समय हमें जितनी उम्मीद थी उससे भी ज्यादा वोट हमें मिलेंगे कांग्रेस के अलावा निर्दलियों को मिलाकर हमारी संख्या सवा सौ से ज्यादा है। रणदीप सुरजेवाला और प्रमोद तिवारी अच्छे बहुमत के साथ जीतेंगे. हमारे तीनों उम्मीदवार ऐसे है जिन्हें सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने राज्यसभा में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने के लिए भेजा है। सचिन पायलट ने कहा कि तीनों उम्मीदवार जीतकर राज्यसभा में जाएंगे और राजस्थान की आवाज को मजबूती से उठाएंगे बाड़ेबंदी पर बोलते हुए सचिन पायलट ने कहा कि अब राज्यसभा चुनावों में हर राज्य में बाड़ेबंदी होती है. पिछले कुछ समय में ऐसे हालात बने है. पहले ऐसे हाल नहीं थे. पायलट ने कहा कि सभी विधायक भी चाहते है कि उनके ऊपर किसी भी तरह का दबाव न आए इसलिए बाड़ेबंदी ही की जाए। शोभारानी कुशवाहा के वोट पर विवाद ~ बीजेपी की विधायक शोभारानी कुशवाहा के वोट को लेकर विवाद हो गया था.।

## हम चुनाव जीतने नहीं बल्कि जनता का विश्वास जीतने निकले हैं : पीएम मोदी



### जिस कार्य के लिए शिलान्यास करते हैं, उसका लोकार्पण भी हम करते हैं

**नवसारी।** गुजरात के एक दिवसीय दौरे पर नवसारी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हम चुनाव जीतने नहीं बल्कि जनता का विश्वास जीतने निकले हैं जनहित में जिन विकास कार्यों के लिए शिलान्यास करते हैं उसका लोकार्पण भी हम करते हैं दक्षिण गुजरात के नवसारी जिले के चीखली तहसील के खुडवेल में गुजरात गौरव अभियान कार्यक्रम में पीएम मोदी ने 3000 करोड़ से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया इन विकास कार्यों का दक्षिण गुजरात के पांच जिलों के लोगों का लाभ मिलेगा इस मौके पर विशाल संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और प्रदेश भाजपा प्रमुख सीआर पाटील की जोड़ी वह कर दिखाया जो मैं स्वयं नहीं कर पाया मुझे इस बात का गर्व है कि गुजरात छोड़ने के बाद जिन लोगों को गुजरात संभालने की जिम्मेदारी ली है वह जोड़ी उमंग और उत्साह के साथ नया आत्मविश्वास जगा रहे हैं इसी का परिणाम है कि आज मेरे समक्ष 5 लाख से ज्यादा लोगों का विशाल समूह उपस्थित है उन्होंने कहा कि जनता के प्रति हमारा एक कमिटमेंट हैं हम राजनीति में सफलता पाने के लिए समय बर्बाद नहीं करते और ना ही चुनाव के लिए कोई अभियान चलाते हैं हम चुनाव जीतने के लिए नहीं बल्कि जनता का विश्वास जीतने निकले हैं हमारा लक्ष्य तय है जिन विकास कार्यों की नींव रखते हैं उसका उदघाटन भी हम करते हैं पीएम मोदी ने कहा कि आज मुझे 3000 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं के उदघाटन और शिलान्यास करने का सौभाग्य मिला है ये सभी परियोजनाएं सूरत, तापी, नवसारी, वलसाड समेत दक्षिण गुजरात के लाखों लोगों का जीवन सरल बनाएंगी बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा समेत सभी प्रकार की कनेक्टिविटी की यह परियोजनाएं खासकर आदिवासी इलाकों में इन सुविधाओं को रोजगार के अवसर से जोड़ा जाएगा उन्होंने कहा कि गुजरात की डबल इंजन की सरकार 100 प्रतिशत सशक्तिकरण के अभियान को मजबूती के साथ चला रही है।

## कृषि मंत्री तोमर ने लॉन्च किया एनोकोवैक्स टीका

### जानवरों को कोरोना से बचाएगी यह वैक्सीन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने जानवरों के लिए विकसित किए गए देश के पहले कोविड रोधी टीके 'एनोकोवैक्स' को जारी कर दिया है। इस टीके को हरियाणा स्थित आईसीएआर-नेशनल रिसर्च सेंटर ऑन इक्विन्स (एनआरसी) द्वारा विकसित किया गया है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने अपने बयान में कहा कि एनोकोवैक्स जानवरों के लिए एक निष्क्रिय सार्स-कोव-2 डेल्टा (कोविड-19) टीका है तथा एनोकोवैक्स से मिलने वाली प्रतिरक्षा सार्स-कोव-2 के डेल्टा और ओमीक्रोन दोनों स्वरूपों को बेअसर करती है। इसने कहा कि टीके में निष्क्रिय सार्स-कोव-2 (डेल्टा) एंटीजन है,



जिसमें अलहाइड्रोजेल एक सहायक के रूप में है तथा यह कुत्तों, शेरों, तेंदुओं, चूहों और खरगोशों के लिए सुरक्षित है। तोमर ने आईसीएआर-एनआरसी द्वारा जानवरों के लिए विकसित टीके और निदान किट को डिजिटल माध्यम से जारी करने के बाद कहा वैज्ञानिकों के अथक योगदान के चलते देश आयात करने के बजाय अपने स्वयं के टीके विकसित करने में आत्मनिर्भर है। यह वास्तव में एक बड़ी उपलब्धि है। आईसीएआर देश का प्रमुख कृषि अनुसंधान संस्थान है जो केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अधीन कार्य करता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक केंद्रीय मंत्री ने इक्वाइन डीएनए पेरेंटेज टेस्टिंग किट भी लांच की, जो घोड़ों के बीच पेरेंटेज विशेलेषण के लिए एक शक्तिशाली जीनोमिक तकनीक है। आइसीएआर के महानिदेशक त्रिलोचन महापात्र, पशुपालन और डेयरी सचिव अतुल चतुर्वेदी और आइसीएआर के उप महानिदेशक भूपेंद्र नाथ त्रिपाठी कार्यक्रम के दौरान मौजूद थे। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने ट्वीट कर कार्यक्रम की जानकारी देते हुए लिखा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र, हिसार द्वारा विकसित चार प्रौद्योगिकियों का विमोचन आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नडडा ने कहा, पीएम ने राजनीति की संस्कृति बदल दी

**गोरखपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधकर कहा कि पहले देश में कोई बीमारी होती थी, तब दवा विकसित होने में दशकों लग जाते थे, लेकिन मोदी सरकार में कोरोना का टीका एक साल के भीतर उपलब्ध हुआ। परिवारवाद और भाई-भतीजावाद को लेकर भी पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधकर नड्डा ने कहा, ''पहले राजनीति जातिवाद और भ्रष्टाचार का पर्याय थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस विकास का पर्याय बना दिया है। उन्होंने राजनीति की संस्कृति बदल डाली और विकासवाद की राजनीति खड़ी की है।'' गौरतलब है कि यूपी में शुक्रवार को सात जिलों में भाजपा के नए



कार्यालय भवनों का उद्घाटन हुआ। पार्टी अध्यक्ष नड्डा ने गोरखपुर से इन कार्यालयों का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित थे। नड्डा ने कहा, पुरानी सरकारों के दौर में चिकन पॉक्स की दवा आने में 27 साल लग गये थे, जबकि बीसीजी के टीके को 27 साल लगे और पोलियो की खुराक को 30 साल लगे। टेटनेस की दवा को भारत में आने में 38 साल और मीजल की दवा को 22 साल लगे। जापानी इन्सेफेलाइटिस की दवा जापान में 1906 में बन गई थी, लेकिन भारत में आने में 100 साल लगे। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, वहीं, दूसरी ओर देखें कि जिम्मेदार सरकार कैसी होती है? देश में जनवरी 2020 में कोरोना का पहला मामला आया, मोदी जी ने कार्यबल का गठन कर अक्टूबर 2020 में टीके का परीक्षण शुरू हो गया। मोदी जी ने स्वयं फैक्टरी में जाकर निरीक्षण कर 2021 जनवरी में देश को एक नहीं दो टीके मिले।'' उन्होंने कहा कि 130 करोड़ की आबादी वाले देश में लोगों को टीके की 200 करोड़ खुराक का इंजेक्शन लग चुका है।

## खास खबर

### कोलकाता में बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर फायरिंग, 2 की मौत

**कोलकाता।** कोलकाता में मौजूद बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर एक पुलिस वाले ने फायरिंग कर दी है। उसकी बंदूक से निकली गोली की वजह से महिला की मौत हो गई। जबकि कुछ लोग घायल भी बताए जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस वाले ने खुद को भी गोली मार ली है। पूरा मामला क्या है, इस लेकर फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि जिस महिला की मौत हुई है, वह बाइक पर सवार थी। हमला करने वाला पुलिस वाला करीब 1 घंटे तक उसी जगह पर घूम रहा था। बंगाल पुलिस इस मामले को लेकर जांच में जुट गई है। अलग-अलग एंगल से मामले की तलाश की जा रही है। आखिर एक पुलिस वाले ने इस घटना को अंजाम कैसे दिया, यह सबसे बड़ा सवाल है।

### धर्मशाला पहुंचने पर राष्ट्रपति का गर्मजोशी से स्वागत

**धर्मशाला।** भारत के राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद आज हिमाचल प्रदेश के अपने दो दिवसीय प्रवास पर धर्मशाला पहुंचे। भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) ग्राउंड धर्मशाला में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर, विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री सरवीन चौधरी, सांसद किशन कपूर, विधायक विशाल नेहरिया, धर्मशाला नगर निगम के महापौर ओंकार नेहरिया ने मुख्य सचिव राम सुभग सिंह, पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू, प्रधान सचिव सामान्य प्रशासन भरत खेड़ा, उपायुक्त कांगड़ा डॉ. निपुण जिंदल और पुलिस अधीक्षक कांगड़ा डॉ. खुशाल शर्मा ने उनका स्वागत किया।

### किसान नेता राकेश टिकैत ने जेवर एयरपोर्ट की वजह से प्रभावित किसानों के लिए मांगा चार गुना मुआवजा

**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने प्रस्तावित जेवर हवाई अड्डे से प्रभावित किसानों को गुरूवार को नए भूमि अधिग्रहण कानून के तहत चार गुना मुआवजा देने की मांग की। भाकियू (अराजनैतिक) ने जेवर के झाझर रोड स्थित साबौता अंडरपास के नीचे महापंचायत की। महापंचायत को संबोधित करते हुए राकेश टिकैत ने कहा कि हवाई अड्डे में किसानों के साथ अन्याय किया जा रहा है, उन्हें नए भूमि अधिग्रहण कानून के तहत चार गुना मुआवजा दिया जाना चाहिए। राकेश टिकैत ने कहा कि पिछले कई दिन से शोर मचाया जा रहा था कि हवाई अड्डे का निर्माण कार्य को रोका जाएगा लेकिन वह उसका निर्माण कार्य नहीं रोकने आए है बल्कि किसानों के बंद रास्तों को खुलवाने के लिए आए हैं।उनका कहना था कि प्रशासनिक अधिकारी बातचीत कर किसानों की समस्या का समाधान करें, जिसके लिए वह तैयार है अन्यथा आंदोलन होगा। उससे पहले राकेश टिकैत के स्वागत में की गई आतिशबाजी से इंटरचेंज के पास सड़क किनारे झाड़ियों में आग लग गई। देखते ही देखते आग तेजी से बढ़ने लगी। हालांकि, वहां पर तैनात दमकलकर्मियों ने आग पर तुरंत काबू पा लिया। इसके बाद अंडरपास से आगे भी आतिशबाजी के कारण आग लग गई।

### नवाब मलिक को हाईकोर्ट से भी झटका नहीं मिली राज्यसभा चुनाव के लिए तत्काल राहत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता नवाब मलिक को बॉम्बे हाईकोर्ट से भी झटका लगा है। राज्यसभा चुनाव के लिए विधानसभा जाने की अनुमति मांग रहे मलिक को उच्च न्यायालय ने तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया है। साथ ही उचित कोर्ट में याचिका दायर करने की सलाह दी है। राकंपा नेता ने कोर्ट आदेश को चुनौती दी थी। जस्टिस प्रकाश डी नायक की हाईकोर्ट बेंच ने मलिक को उचित बेंच के सामने याचिका दायर करने के लिए कहा, जो जमानत के आवेदन पर सुनवाई करती है। साथ ही कोर्ट ने मलिक को याचिका में संशोधन करने के लिए भी कहा है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### विलियमसन दूसरे टेस्ट से बाहर हुए, लैथम करेंगे कप्तानी

**नॉटिंघम** । यहां आज से इंग्लैंड के खिलाफ शुरु हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले ही मेहमान टीम न्यूजीलैंड को करारा झटका लगा है। कीवी टीम के कप्तान केन विलियमसन कोरोना संक्रमण के कारण टीम से बाहर हो गये हैं। विलियमसन में गुरुवार को ही हल्के लक्षण नजर आए थे जिसके बाद उनका रैपिड एंटीजन टेस्ट हुआ था। अब इसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। अब वह कम से कम पांच दिनों तक के लिए पृथकवास में रहेंगे। वहीं न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने विलियमसन के बाहर होने की पुष्टि की है। विलियमसन की जगह पर हामिश रदरफोर्ड को न्यूजीलैंड टीम में शामिल किया गया है जबकि टीम की कप्तानी टॉम लैथम करेंगे। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा, मैच से ठीक पहले विलियमसन का बाहर होना दुख की बात है। हम सभी इससे निराश है। उनकी जगह शामिल हामिश पहले दौरे में टेस्ट टीम के साथ थे और अभी वाइटैलिटी टी 20 ब्लास्ट में लीसेस्टरशर फॉक्स की ओर से खेल रहे हैं।

### हसनैन को आईसीसी ने दी राहत

**कराची** । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान के युवा तेज गेंदबाज मोहम्मद हसनैन के गेंदबाजी एक्शन को सही करार देते हुए कहा है कि वह हर स्तर पर गेंदबाजी कर सकते हैं। आईसीसी के इस फैसले से हसनैन को बड़ी राहत मिली है। इससे पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि हसनैन का गेंदबाजी एक्शन वैध पाया गया है और फिर से हुई जांच में भी उनकी कोहनी आईसीसी के वैध गेंदबाजी नियमों के अंतर्गत 15 डिग्री के अंदर मुड़ी पाई गई। पीसीबी ने कहा, 'इसलिए वह अब क्रिकेट के सभी प्रारूपों में गेंदबाजी करेंगे जिसमें विश्व स्तर पर घरेलू क्रिकेट भी शामिल है।

### बीडब्ल्यूएफ ने रद्द किया अमरीकी ओपन बैडमिंटन

**नई दिल्ली** । विश्व बैडमिंटन की शीर्ष संस्था (बीडब्ल्यूएफ) ने अमरीकी ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट रद्द कर दिया है। बीडब्ल्यूएफ ने यह कदम अमरीका में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के कारण आयोजन में आ रही दिक्कतों में देखते हुए लिया है। बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट का आयोजन इस साल चार से नौ अक्टूबर तक होना था। बीडब्ल्यूएफ ने कहा, 'अमरीका बैडमिंटन का मानना है कि कोरोना संक्रमण के कारण आयोजन से जुड़ी परेशानी को देखते हुए उसके लिए इस साल टूर्नामेंट की मेजबानी करना सही नहीं रहेगा।' इस घातक वायरस के कारण तीसरी बार इस टूर्नामेंट को रद्द किया गया है। बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर जकार्ता में इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 के साथ बहाल हुआ।

### डोपिंग के कारण टेनिस खिलाड़ी तारा निलंबित

लंदन (ईएमएस)। ब्रिटेन की टेनिस खिलाड़ी तारा मूरे को प्रतिबंधित पदार्थों के लिए पॉजिटिव पाए जाने के कारण अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया गया है। 'इंटरनेशल टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी' (आईटीआईए) ने कहा कि युगल में विश्व की 83वें नंबर की खिलाड़ी तारा अप्रैल में कोलंबिया में डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट के दौरान प्रतिबंधित पदार्थ नेंड्रोलिन मेटाबोलाइट और बोल्डेनोन सेवन के लिए पॉजिटिव पाई गईं थीं। आईटीआईए ने कहा, ''खिलाड़ी अब बी नमूने की जांच का आग्रह कर सकती हैं जिससे पता चलेगा कि ए नमूने की पुष्टि होती है या नहीं। ''

# कई स्टार्टअप कंपनियों में धोनी ने किया है निवेश



**रांची** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी एक सफल कारोबारी भी हैं और उन्होंने कई क्षेत्रों निवेश किया है। इसी कारण वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद भी कमाई के मामले में शीर्ष क्रिकेटरों में शामिल हैं। धोनी आईपीएल टीम चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान होने के साथ ही कई कंपनियों के ब्रांड एम्बेसडर भी हैं। धोनी का रांची में माही रेजिडेंसी नाम से एक होटल भी है।

उन्होंने हाल ही में ड्रोन स्टार्टअप गरुड़ एयरोस्पेस में भी हिस्सेदारी खरीदी है। गरुड़ एयरोस्पेस के 26 शहरों में 300 से अधिक ड्रोन है और इसमें 500 पायलट काम कर रहे हैं। कंपनी ने धोनी को ब्रांड एम्बेसडर भी बनाया है। धोनी ने कहा, 'मैं गरुड़ एयरोस्पेस का हिस्सा बनकर खुश हूं और उनके द्वारा पेश किए जाने वाले अनोखे ड्रोन समाधानों के साथ उनका विकास देखने के लिए उत्सुक हूं।' गरुड़ एयरोस्पेस के अलावा भी धोनी ने कई और कंपनियों में निवेश किया है।

**स्पोर्ट्सफिट वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड:** धोनी के पास इस कंपनी का मालिकाना अधिकार है। यह कंपनी इंडिया भर में 200 से अधिक जिम चलती है जिन्हें स्पोर्ट्सफिट वर्ल्ड नाम से चलाया जाता है।

**7 इंकब्रूज :** यह एक फूड एंड बेवरेज कंपनी है। धोनी इस कंपनी के शेयरहोल्डर होने के साथ साथ ही ब्रैंड एंबेसडर भी हैं। इस कंपनी ने पिछले साल कॉप्टर 7 नाम से चॉकलेट और बेवरेज की सीरीज लॉन्च की थी। यह नाम धोनी के हेलीकॉप्टर शॉट और जर्सी नंबर से बनाया गया है.

**कार्स 24 :** धोनी ने इस कंपनी ने साल 2019 में निवेश किया था। यह कंपनी साल 2015 में शुरू हुई थी और पुरानी कारों की खरीद फरोख्त का काम करती है।

**होमलेन :** यह घरों की इंटीरियर डिजाइनिंग का काम करने वाली कंपनी है। इस कंपनी में धोनी ने साल 2021 में निवेश किया था। यह कंपनी 2014 में शुरू की गई थी।

**खाताबुक :** खाताबुक के लॉन्च होने के कुछ ही समय में इससे 5 करोड़ से ज्यादा मर्चेंट जुड़े थे। धोनी ने 2020 में अपने एक बयान में कहा था कि खाताबुक



रोम में डायमंड लगी मुकाबले में जमैका की शेरीका जैक्सन फिनिश लाइन पार करती हुई।

# आवेश का एक ओवर टीम इंडिया पर भारी पड़ा

**नई दिल्ली** । युवा तेज गेंदबाज आवेश खान का एक ओवर टीम इंडिया पर भारी पड़ा है। इसी कारण भारतीय टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले ही टी20 मुकाबले में सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 211 रन बनाये। इसके बाद मेहमान टीम दक्षिण अफ्रीका ने 3 विकेट खोकर ही यह लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच में भारतीय टीम जीत की ओर बढ़ रही थी तभी आवेश के एक ओवर में दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज रासी वेन का बल्ला दो हिस्सों में टूट गया। इसका कारण रासी को नया बल्ला मिला जिससे इस बल्लेबाज ने एक से बढ़कर एक शॉट खेलकर अपनी टीम को जीत दिला दी। रासी ने बल्ला बदलने के बाद 17वें ओवर में हर्षल पटेल की गेंदों को जमकर पीटा। रासी ने 46 गेंद में नाबाद 75 रन बनाये। उन्होंने बल्ला टूटने के बाद अगली 20 गेंद में 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 53 रन बना दिये। इस प्रकार उन्होंने चौथे विकेट के लिए डेविड मिलर के साथ 64 गेंद में नाबाद 131 रन की साझेदार कर अपनी टीम को जीत दिला दी।

### खेल को बेहतर ढंग से समझने काफी मेहनत करनी पड़ी : मिलर

**नई दिल्ली** । दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज डेविड मिलर ने कहा है कि विश्वास एक ऐसी चीज है जिसने उनका करियर बदल गया है। भारत के खिलाफ पहले टी20 में मिली जीत में भी मिलर और रासी वेन ने अहम भूमिका निभाई थी। इस बल्लेबाज ने कहा, 'मुझे पिछले कुछ साल में अपने खेल को बेहतर ढंग से समझने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ी। जब आप लक्ष्य का पीछा कर रहे होते हैं तो दो खिलाड़ियों की जरूरत होती है। रासी ने टीम इंडिया के खिलाफ कुछ बड़े ओवरों के साथ दूसरे छोर पर शानदार प्रदर्शन किया था। मैंने उनसे यही कहा कि टिककर खेलने का प्रयास करो। विश्वास एक ऐसी चीज है जिसने मेरे करियर को बदल दिया है।



कनाडाई ओपन गोल्फ में खेलते हुए रॉरी मैकलरॉय।

# पंड्या पर भड़के प्रशंसक और नेहरा

**नई दिल्ली** । ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां पहले ही टी20 से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के दौरान 31 रनों की आक्रामक पारी खेली। हार्दिक इस मैच में अच्छे प्रदर्शन के बाद भी आलोचना का शिकार हुए क्योंकि उन्होंने बल्लेबाजी के दौरान अनुभवी क्रिकेटर दिनेश कार्तिक के साथ सही व्यवहार नहीं किया। हार्दिक ने जिस प्रकार एक रन न लेकर कार्तिक को स्ट्राइक नहीं दी उसकी प्रशंसकों के साथ ही पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने भी आलोचना की है। हार्दिक की आक्रमक बल्लेबाजी से प्रशंसकों को जितनी खुशी हुई उससे ज्यादा नाराजगी उनके खेलने के इस तरीके पर हुई है। गौरतलब है कि कप्तान ऋषभ पंत के आउट होने के बाद कार्तिक पारी के अंतिम ओवर में बल्लेबाजी के लिए उतरे थे। कार्तिक पहली गेंद पर कोई रन नहीं बना सके। उन्होंने दूसरी ही गेंद पर रन लेकर अपना खाता खोला। अब पंड्या स्ट्राइक पर आ गए। उन्होंने चौथी गेंद पर छक्का मारा। अगली गेंद पर भी हार्दिक ने मिडविकेट की तरफ शॉट खेला पर वह रन लेने के लिए भागे ही नहीं और इस वजह से कार्तिक को स्ट्राइक नहीं मिली जबकि इस गेंद पर आसानी से एक रन मिल सकता था। आखिरी गेंद पर भी हार्दिक ने दो रन लिए।कार्तिक इस ओवर में 2 गेंद ही खेल पाए। हार्दिक की इस हरकत पर उनकी आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस के कोच आशीष नेहरा ने भी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा, उसे आखिरी गेंद के पहले रन लेना चाहिए था क्योंकि दूसरे छोर पर बल्लेबाज कार्तिक था, नेहरा जैसा कोई गेंदबाज नहीं। वहीं इसके अलावा प्रशंसकों ने भी सोशल मीडिया पर इस ऑलराउंडर की जमकर आलोचना की है।

## व्यापार न्यूज

### इक्विटी म्यूचुअल फंड को मई में 18,529 करोड़ का निवेश मिला

**नई दिल्ली** । सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के प्रति निवेशकों का आकर्षण लगातार बढ़ रहा है जिसके चलते इक्विटी म्यूचुअल फंड में लगातार निवेश आ रहा है। उद्योग निकाय एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने कहा कि मई का यह आंकड़ा अप्रैल में इक्विटी म्यूचुअल फंड में हुए 15,890 करो? रुपए के निवेश की तुलना में अधिक है। इक्विटी यानी शेयर में निवेश से जुड़ी योजनाओं में निवेश मार्च, 2021 से ही बढ़ रहा है। यह निवेशकों के बीच ऐसी योजनाओं को लेकर सकारात्मक धारणा को दर्शाता है। इससे पहले इन योजनाओं से जुलाई, 2020 से लेकर फरवरी, 2021 के दौरान लगातार 46,791 करो? रुपए की राशि निकाली गई थी। वहीं एसआईपी के जरिये निवेश मई, 2022 में ब?कर 12,286 करो? रुपए पर पंहुच गया, जो अप्रैल में 11,863 करो? रुपए था। सितंबर, 2021 में 10,351 करो? रुपए के निवेश के बाद यह लगातार नौवां महीना है जब एसआईपी में निवेश का प्रवाह 10,000 करोड़ रुपए से अधिक रहा है। इक्विटी के अलावा गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड कोष (ईटीएफ) में आलोच्य माह के दौरान 203 करो? रुपए का निवेश आया। वही दूसरी तरफ, ऋण या बांड श्रेणी में पिछले महीने 32,722 करोड़ रुपए की निकासी हुई। हालांकि अप्रैल में इसमें 69,883 करोड़ रुपए का निवेश हुआ था। कुल मिलाकर म्यूचुअल फंड उद्योग में मई माह के दौरान 7,532 करोड़ रुपए की निकासी हुई, जबकि इससे पिछले महीने 72,846 करोड़ रुपए का निवेश हुआ था।

### सोने और चांदी की कीमतों में आई गिरावट

**नई दिल्ली** । सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को कीमती धातुओं के दाम में गिरावट देखने को मिली है। एमसीएक्स पर शुक्रवार को सोने की कीमत में 0.25 फीसदी की कमी आई और इसका भाव टूटकर 50,880 रुपए प्रति दस ग्राम रह गया। सोने के दाम में कमी के साथ ही चांदी का भाव भी मंगलवार को टूट गया। इसके भाव में 0.54 फीसदी की गिरावट आई। इसके बाद चांदी की कीमत कम होकर 60,082 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। यहां बता दें कि आभूषण बनाने के लिए ज्यादातर 22 कैरेट का ही इस्तेमाल होता है। कुछ लोग 18 कैरेट सोने का भी इस्तेमाल करते हैं। आभूषण पर कैरेट के हिसाब से हॉल मार्क बना होता है। 24 कैरेट सोने के आभूषण पर 999 लिखा होता है, जबकि 23 कैरेट पर 958, 22 कैरेट पर 916, 21 कैरेट पर 875 और 18 कैरेट पर 750 लिखा होता है। देश भर में सोने के आभूषणों की कीमत उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण बदलती रहती है।

### एसजेवीएन के साथ एक संयुक्त उद्यम लगाएगी असम सरकार

**नई दिल्ली** । सार्वजनिक क्षेत्र की एसजेवीएन ने कहा ?कि असम सरकार राज्य में नवीकरणीय परियोजनाओं के लिए उसके साथ एक संयुक्त उद्यम स्थापित करने को लेकर तैयार है। कंपनी ने कहा कि असम सरकार ने राज्य में चरणबद्ध तरीके से 5,000 मेगावॉट की बिजली परियोजना की संभावनाओं को तलाशने का अवसर भी दिया है। इस संबंध में एसजेवीएन के निदेशक (वित्त) अखिलेश्वर सिंह और कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक राजेश गुप्ता ने गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से मुलाकात की। इस बैठक में असम के मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव समीर कुमार सिन्हा और बिजली विभाग के प्रमुख सचिव नीरज वर्मा भी शामिल थे। कंपनी ने कहा ?कि बैठक के दौरान सौर परियोजना, फ्लोटिंग सोलर, बैटरी भंडारण और पायलट हाइड्रोजन संयंत्र के विकास पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने जल और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के लिए एसजेवीएन के साथ एक संयुक्त उद्यम के गठन में अपनी रुचि के बारे में भी बताया।

# गिरावट के साथ खुले शेयर बाजार : सेंसेक्स 600 अंक टूटा, निफ्टी में 16,300 पर

**मुंबई** । वैश्विक बाजारों में निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने के बीच आईटी, बैंकिंग और वित्तीय शेयरों में कमजोरी के चलते शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स में लगभग 600 अंक की गिरावट आई। कारोबारियों ने कहा कि रुपए के कमजोर होने से भी घरेलू शेयर बाजारों पर असर पड़ा। इस दौरान 30 शेयरों वाला सूचकांक 597.2 अंक की गिरावट के साथ 54,723.08 पर कारोबार कर रहा



था। इसी तरह निफ्टी 176.30 अंक की गिरावट के साथ 16,301.80 पर आ गया। सेंसेक्स में सबसे अधिक 3.38 प्रतिशत की गिरावट विप्रो में हुई। इसके अलावा टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, इंफोसिस, कोटक बैंक, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी के दोनों शेयर और टीसीएस भी लाल निशान में थे। दूसरी ओर पावरग्रिड, एनटीपीसी और टाइटन में बढ़त थी। पिछले सत्र में सेंसेक्स 427.79 अंक की तेजी के साथ 55,320.28 पर बंद हुआ था। इसी तरह पक एनएसई निफ्टी 121.85 अंक बढ़कर 16,478.10 पर बंद हुआ। रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आठ पैसे टूटकर 77.82 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया। अन्य एशियाई बाजारों में तोक्यो, हांगकांग और सोल में गिरावट थी, जबकि शंघाई मुनाफे में कारोबार कर रहा था। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.65 प्रतिशत गिरकर 122.27 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 1,512.64 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 77.82 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**मुंबई** । विदेशी बाजार में डॉलर की मजबूती के चलते रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आठ पैसे की गिरावट के साथ 77.82 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 77.81 पर कमजोर रुख के साथ खुला और फिर 77.82 पर आ गया, जो इसका सर्वकालिक निम्न स्तर है। रुपए में पिछले बंद भाव के मुकाबले आठ पैसे की गिरावट हुई। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले छह पैसे गिरकर 77.74 पर बंद हुआ था।

## विदेश में सबसे बड़ी डील के करीब पहुंचे अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी

**मुंबई** । दिग्गज उद्योगपति और अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी विदेश में सबसे बड़ी डील के करीब हैं। यह डील अंबानी के स्वामित्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज और यूएस बायआउट फर्म अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट का कंसोर्टियम कर रहा है। यह कंसोर्टियम वालग्रीन्स बूट्स अलायंस की अंतरराष्ट्रीय केमिस्ट और ड्रगस्टोर इकाइयों के अधिग्रहण के करीब पहुंच गया है। रिपोर्ट में बताया गया कि कंसोर्टियम ने इस डील के लिए बाइंडिंग ऑफर तैयार किया है। रिपोर्ट में कहा गया कि इस ऑफर में कारोबार की कीमत 5 अरब पाउंड (6.3 अरब डॉलर) रखी गई है। बता दें कि यह कंसोर्टियम फंडिंग के लिए वैश्विक स्तर के दिग्गजों के साथ बातचीत कर रहा था। अगर यह सौदा पूरा होता है, तब यह रिलायंस का विदेश में सबसे बड़ा अधिग्रहण होगा।रिलायंस-अपोलो कंसोर्टियम की संभावना तब और बढ़ गई, जब अरबपति इस्सा ब्रदर्स मोहसिन और जुबेर इस्सा इस अधिग्रहण से दूर जाने की योजना बना रहे थे। अंबानी के स्वामित्व वाली रिलायंस लगातार अधिग्रहण कर रही है। कंपनी अपने पारंपरिक तेल-रसायन व्यवसाय में विविधता लाने के लिए कई क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रही है। इस मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने कहा है कि वॉलग्रीन्स, बूट्स के लिए करीब 7 बिलियन पाउंड की वैल्यूएशन की मांग कर रहा है। यह व्यवसाय पूरे यूके में 2,200 से अधिक स्टोर्स का नेटवर्क चलाता है। साथ ही यह नो 7 ब्यूटी कंपनी जैसे निजी-लेबल ब्रांड भी चलता है। मुकेश अंबानी की रिलायंस, ब्रिटिश हाई स्ट्रीट से आगे बढ़कर उभरते बाजारों में अपना विस्तार करना चाह रही है।

## अब रेफ्रिजरेटर आयात पर भी लगेगा प्रतिबंध

**नई दिल्ली** । देश में फ्रिज के निर्माण को बढ़ावा देने के उददेश्य से एसी के बाद सरकार अब रेफ्रिजरेटर के आयात पर भी प्र?तिबंध लगाने पर विचार कर रही है। देश में फ्रिज का बाजार पांच अरब डॉलर का है। लेकिन, सैमसंग और एलजी जैसी विदेशी कंपनियां बड़ी संख्या में रेफ्रिजरेटर का आयात करती हैं। जानकारों के मुताबिक सरकार फ्रिज का आयात करने के लिए लाइसेंस लेना जरुरी कर सकती है। फिलहाल कंपनियां फ्री-इंपोर्ट व्यवस्था के तहत रेफ्रिजरेटर आयात करती हैं। लेकिन सरकार अब इस व्यवस्था को बदलने पर विचार कर रही है। जल्द ही इस पर फैसला लिया जा सकता है। इससे टाटा ग्रुप और गोदरेज जैसी कंपनियों को फायदा होगा। सूत्रों के मुताबिक घरेलू रेफ्रिजरेटर इंडस्ट्री ने देश में विनिर्माण को ब?ावा देने के लिए सरकार से इसके आयात पर प्र?तिबंध लगाने का आग्रह किया है। अगर रेफ्रिजरेटर को प्रतिबंधित सूची में डाल दिया जाता है, तो आयातकों को इसके आयात के लिए सरकार से अनुमति या लाइसेंस प्राप्त करना होगा। देश के रेफ्रिजरेटर बाजार में अभी एलजी और सैमसंग जैसी विदेशी कंपनियों का दबदबा बरकरार है।

## भारतीय कार बाजार में स्कोडा जल्द पेश करेगी इलेक्ट्रिक कार

### एक बार चार्ज करने पर चला दौड़ेगी 460 किमी

**नई दिल्ली** । भारतीय के कार बाजार में मशहूर कार कंपनी स्कोडा जल्द ही नई इलेक्ट्रिर कार उतारने वाली है। इस कार नाम स्कोडा एनयायक 4 इलेक्ट्रिक एसयीवी है। इसे पहली बार भारतीय सड़कों पर टेस्टिंग के दौरान देखा गया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कंपनी भारत में जल्द ही इसे उतार सकती है। हाल ही में किआ ने ईवी6 इलेक्ट्रिक क्रॉसओवर लॉन्च किया है। टेस्टिंग के दौरान बिना किसी कवर के देखी गई एनाक 4 का टॉप 80 गुणा इलेक्ट्रिक वेरिएंट थी। यह वोक्सवैगन के एमईबी प्लेटफॉर्म पर बेस्ड है, जिसे इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है और इसे ऑडी क्यू4 ई-



ट्रॉन और वोक्सवैगन आईडी4 के साथ भी शेयर किया गया है। एनाक 4 की लंबाई 4,648 मिमी, चौड़ाई 1,877 मिमी और ऊंचाई 1,616 मिमी है। इसका मतलब है कि एनाक 4 स्कोडा ऑक्टेविया से थोड़ी छोटी है।

नई इलेक्ट्रिक कार में 77 किलोवाट बैटरी पैक के साथ लॉन्च किया जा सकता है। जिसे डीसी फास्ट चार्जर से सिर्फ 125 किलोवाट तक फास्ट-चार्ज किया जा सकता है। यह इलेक्ट्रिक कार ऑल-व्हील-ड्राइव ऑप्शन के साथ आएगी। कंपनी का दावा है कि इसे एक बार चार्ज करने पर 460 किमी तक बिना रुके चलाया जा सकता है। यह कार 6।9 सेकेंड में 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती है। हाल ही में स्कोडा ने सिल्विया मिड-साइज़ सेडान की कीमत बढ़ा दी है। हैरानी की बात यह है कि इसे केवल तीन महीने पहले ही लॉन्च किया गया है। मॉडल के हिसाब से स्लाविया की कीमत में 60,000 रुपये तक की बढ़ोतरी हुई है। इसका मतलब यह है कि कार को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। 28 फरवरी को स्कोडा ने स्लाविया के 1.0-लीटर वेरिएंट को 10.69 लाख (एक्स-शोरूम) की कीमत पर लॉन्च किया था। बेस वेरिएंट की कीमत 30,000 रुपये बढ़ गई है और अब इसकी कीमत 10.99 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) होगी।

## एचडीएफसी और आईओबी ने कर्ज पर ब्याज दरें बढ़ाई

**नई दिल्ली** । आवास ऋण देने वाली देश की सबसे बड़ी वित्तीय कंपनी एचडीएफसी ?लिमिटेड ने खुदरा प्रधान ऋण दर आधा प्रतिशत बढ़ा दी। वहीं सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) ने भी रेपो दर आधारित ब्याज दर बढ़ाई है।भारतीय रिजर्व बैंक के बुधवार को रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि के बाद वित्तीय संस्थानों ने ब्याज दरों में बढ़ोतरी का सिलसिला शुरू किया है। एचडीएफसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि आवास ऋण के लिए खुदरा प्रधान उधारी दर 0.50 प्रतिशत बढ़ाई गई है। यह वृद्धि 10 जून, 2022 से प्रभावी हो गई है। आईओबी ने भी रेपो आधारित ब्याज दर 0.50 प्रतिशत बढ़ा दी है। इंडियन ओवरसीज बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा है ?कि बैंक ने रेपो आधारित उधारी दर (आरएलएलआर) बढ़ाकर 7.75 प्रतिशत कर दी है। यह वृद्धि 10 जून, 2022 से प्रभावी हो गई है। इससे पहले बुधवार को सार्वजनिक क्षेत्र के तीन बैंकों पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन बैंक और बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने रेपो आधारित ब्याज दर आधा प्रतिशत बढ़ा दी थी।

# टीवी की संस्कारी बहू ने लगाया हॉटनेस का तड़का



टीवी की दुनिया की मशहूर एक्ट्रेस हिना खान अक्सर सोशल मीडिया पर आग लगाती रहती है. हिना ने टीवी की संस्कारी बहू की छवि से निकलकर फैंस के दिलों में एक अलग छाप छोड़ी है. एक्ट्रेस ने अब टीवी से बॉलीवुड में अपने कदम जमा लिए हैं. आज हिना को अपने हॉट अंदाज के लिए भी फैंस जानते हैं. हिना एक ऐसी एक्ट्रेस हैं जिनका स्टाइल स्टेटमेंट सबसे हटके हैं. हाल ही में हिना ने अपनी बोल्ड फोटोज फैंस के लिए शेयर की हैं. हिना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. एक्ट्रेस आए दिन अपने अलग अलग अंदाज की झलक फैंस को दिखाती रहती हैं. हिना खान ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक बार फिर से हॉटनेस का तड़का लगाया है. हिना खान ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर बिकिनी की फोटोज शेयर की हैं. हिना फोटोज में पिंक कलर की बिकिनी पहने नजर आई हैं, इसके ऊपर से मैचिंग का पिंक ही सर्ग एक्ट्रेस ने पहना हुआ है. एक्ट्रेस फोटोज में रेत पर अपने जलवे बिखेरती दिख रही हैं. फोटोज में हिना अलग अलग लुक से फैंस को दीवाना करती दिख रही हैं. हर एक फोटो में एक्ट्रेस का हॉट अंदाज देखने को मिल रहा है. फोटो शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने 3 पिंक कलर के फूल बनाए हैं. सोशल मीडिया पर हिना की फोटोज तेजी से वायरल हो रही हैं. फैंस इस पर जमकर लाइक और कमेंट कर रहे हैं. हिना इन दिनों अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड रॉकी जयसवाल के साथ मालदीव में हैं. जहां से वो अपने अलग अलग अंदाज की फोटोज फैंस के लिए लगातार शेयर कर रही हैं. वहीं कुछ लोग हिना को ट्रोल भी कर रहे हैं. हिना पिछले कई दिनों से मालदीव में ही हैं. ये रिश्ता क्या कहलाता है सीरियल से अपने करियर की शुरुआत करने वाली हिना अब फिल्म्स में भी नजर आने लगी हैं. एक्ट्रेस अब फिल्मों में भी अपनी एक्टिंग की छाप छोड़ रही हैं. हालांकि, उन्होंने अभी तक अपने नए प्रोजेक्ट्स की घोषणा नहीं की है, लेकिन वह जल्द ही खुशखबरी देंगी. हिना खान ब्वॉयफ्रेंड रॉकी जायसवाल संग रिलेशनशिप में हैं. हिना खुल्लम खुल्ला अपने प्यार को स्वीकार कर चुकी हैं और एक्ट्रेस शादी कब करेंगी इस पर हर किसी की निगाह टिकी हुई है. हिना को फैंस ने बिग बॉस 14 में भी देखा था. यहां वह सिद्धार्थ शुक्ला की अच्छी दोस्त के रूप में नजर आई थीं।

## समय और फिल्मों ने बाधाओं को फिर से तोड़ा है : राणा दग्गुबाती



अभिनेता राणा दग्गुबाती का मानना है कि दक्षिण की फिल्में हमेशा से अखिल भारतीय रही हैं, लेकिन विश्व स्तर पर प्रसिद्ध फिल्म बाहुबली ने भारतीय व्यवस्था में कारोबार को सही तरीके से चलाने का रास्ता दिखाया। राणा ने दो भाग वाली फिल्म फ्रेंचाइजी में विरोधी भल्लालदेवा की भूमिका निभाई थी। अभिनेता ने बात करते हुए पैन इंडिया फिल्मों की संस्कृति के प्रसार और बाहुबली ने इसे कैसे शुरू किया, इस बारे में बताया। उन्होंने कहा, मैं एक अभिनेता से पहले दर्शक था और मेरे लिए हिंदी या तेलुगू फिल्म देखते समय एक जैसी भावना रहती थी। मैं हैदराबाद में रहता हूं और मेरे लिए चाहे (अमिताभ) बच्चन सर की फिल्म हो या कमल हासन की, वाइब्स वही थे। बार-बार ऐसी फिल्में आईं, जिन्होंने बाधाएं तोड़ीं। हाल ही में तेलुगू में अपनी फिल्म अरण्य और तमिल में कदान रिलीज करने वाले अभिनेता कहते हैं, मणि (रत्नम) सर की फिल्म रोजा मूल रूप से एक तमिल फिल्म थी, लेकिन हिंदी बेल्ट में किसी को भी इससे समस्या नहीं थी। वे इसे उतना ही प्यार करते थे जितना दक्षिण भारतीयों को बहुत पसंद थी।

## काम पर लौटे गोविंदा

कोरोना की रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद दिग्गज अभिनेता गोविंदा काम पर वापस लौट आए हैं। गोविंदा को वर्तमान में लोकप्रिय रियलिटी शो डांस



बंगला डांस में हैं। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर सेट से एक वीडियो साझा किया जहां वह बैकग्राउंड डांसर के साथ डांस करते हुए दिखाई दे रहे हैं। गोविंदा ने इंस्टाग्राम पर लिखा, नये स्टेज पर मेरा सिग्नेचर मूवज मेरे लिए नया है!! काम पर वापस और नाली में वापस। जज करना और जी बांग्ला पर डांस इंडिया डांस देखकर आनंद लेना !! घर पर सुरक्षित रहकर इसे देखें। इस महीने की शुरूआत में दिग्गज अभिनेता ने अपने ट्रेडमार्क डांस के साथ वीडियो पोस्ट करते हुए घोषणा की थी कि वह कोरोना की उनकी रिपोर्ट नेगेटिव आई है।

# मुझे उम्मीद है कि मेरा किरदार महिलाओं को सशक्त बनाएगा : सिमरन परींजा



समाज ने हमेशा से महिलाओं को जो भी कुछ कहा हो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। महिलाएं शक्तिशाली, बहादुर और उल्लेखनीय रूप से बहुत मजबूत रही हैं। यह वास्तविक जीवन में भी सच है और इन महिलाओं को हमें टीवी शोज, फिल्मों और वेब सीरीज में देखना बहुत महत्वपूर्ण है। इस बात को ध्यान में रखते हुए, इस गर्मी के मौसम में स्टार भारत एक प्रचलित सामाजिक चुनौती पर प्रकाश डालना चाहता है, जिससे अभी भी कई युवा लड़कियां भारत के कई हिस्सों में लड़ रही हैं और वह है दहेज प्रथा, जिसे आगामी नए शो लक्ष्मी घर आई के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। इन कुछ वर्षों में, बॉलीवुड फिल्में जैसे थप्पड़, चीन, पिंक, मदार्नी सभी ने भारत में महिला सशक्तिकरण और अन्य मुद्दों पर रौशनी डाली है जो महिलाओं को भारत में झेलनी पड़ती हैं। अब, स्टार भारत और शकुंतलम टेलीफिल्म्स ने मिलकर खूबसूरत और प्रतिभाशाली अभिनेत्री सिमरन परींजा को अपने आगामी पारंपरिक टीवी शो में साहसी मैथली का किरदार निभाने के लिए चुना है। मैथली की यात्रा बताएगी कि कैसे वह सामाजिक विश्वास और दहेज की व्यवस्था से लड़ती है। शो के माध्यम से, अभिनेत्री इस सोच को बढ़ावा देना चाहती है कि लड़कियां किसी पर बोझ नहीं बल्कि उनकी संपत्ति हैं। जब इस शो के बारे में सिमरन से बात की गई तो उन्होंने कहा, लक्ष्मी घर आई शो हमारे समाज और उसका प्रतिबिंब है, जिसमें हम रहते हैं। हम भारत को दहेज की सदियों पुरानी व्यवस्था से अवगत कराने का इरादा रखते हैं जो आज भी कई कस्बों और शहरों में जीवित है। सभी जानते हैं कि दहेज गैरकानूनी और अनैतिक है, लेकिन फिर भी वे इसका अभ्यास करते हैं। हमारे समाज ने इसे उपहार का नाम दिया है ताकि यह सुनने में अच्छा लगे। दहेज का सीधा सा मतलब है कि आप लड़की या लड़के पर एक प्राइस टैग लगा रहे हैं और उसे खरीद रहे हैं।



## कोरोना का डर

देश में कोरोना का डर फिर सताने लगा है। सबसे ज्यादा केस महाराष्ट्र और केरल से आ रहे हैं। महाराष्ट्र में 24 घंटे में 2701 नए केस मिले हैं, जो 17 फरवरी के बाद सबसे ज्यादा है। 17 फरवरी को 2,797 संक्रमित मिले थे। वहीं, मंगलवार (7 जून) को यहां 1821 मरीज पॉजिटिव पाए गए थे। इस तरह बुधवार को राज्य में 44 फीसदी मामले बढ़ गए। अकेले मुंबई में 1765 संक्रमित पाए गए, जो इस साल जनवरी के बाद सबसे ज्यादा है। पूरे महाराष्ट्र में पॉजिटिविटी रेट 6.48 फीसदी है। आईआईटी कानपुर ने जून में चौथी लहर आने की बात कही थी, जो अब सच साबित हो रही है। पहली से तीसरी लहर तक राज्यों ने कई तरह की पाबंदी लगाई थी, हालात अब वैसे ही बन रहे हैं कि संक्रमण की रफ्तार थामने पाबंदी लगाई जाए। महामारी से जंग के लिए राज्य जो भी उपाय करें, उनमें इस बात का ध्यान सबसे पहले रखा जाए कि लोगों की रोजी-रोटी पर असर न पड़े। इसके लिए शहरों-कस्बों में ऐसे बंदोबस्त करने होंगे जिससे बाजारों में भीड़ न बढ़े, अस्पतालों को तैयार रखा जाए, दवाइयों और ऑक्सीजन का पूरा बंदोबस्त हो, टीकाकरण कार्यक्रम तेजी से चले। गौरतलब है कि पहली लहर के दौरान देश को महामारी से बचाने के लिए लॉकडाउन जैसा कठोर कदम उठाना पड़ा था। तब हालात विकट थे और सारी कमान केंद्र के हाथ में थी। राज्य सरकारें केंद्र के निर्देशों को मानते हुए ही कोरोना से निपटने में लगी थीं। दूसरी लहर में भी कमोबेश हालात ऐसे ही थे। लेकिन अब चौथी लहर की आशंका के बीच स्थितियां अलग हैं। राज्यों को महामारी से निपटने का अनुभव हो चुका है। सभी राज्य अपने यहां एक ऐसा तंत्र तो खड़ा कर ही चुके हैं जो महामारी जैसे हालात का सामना कर पाने सक्षम हो। अच्छी बात यह है कि भारत में आबादी के बड़े हिस्से को टीके की एक खुराक लग चुकी है। दोनों खुराक वालों का आंकड़ा भी साठ करोड़ से ऊपर निकल गया है। बच्चों से लेकर बड़ों-बुजुर्गों तक को टीके लग रहे हैं। हालांकि समय-समय पर आने वाली ऐसी खबरें भी चिंता पैदा करती हैं कि कुछ राज्यों में टीकाकरण की रफ्तार संतोषजनक नहीं है। इसलिए राज्यों को अब सबसे ज्यादा जोर टीकाकरण पर देना चाहिए। इसके अलावा संक्रमितों की जांच का काम भी नहीं हो रहा। टीकाकरण और जांच के काम स्थानीय स्तर पर अभियान के रूप में चलाना होगा। पर सबसे जरूरी है कि महामारी से निपटने में राज्यों और केंद्र के बीच भी तालमेल बेहतर बने, जिसका कि समय-समय पर अभाव दिखता रहा है। वरना हम इस जंग को जीत नहीं पाएंगे। दिल्ली, मुंबई सहित अन्य छोटे-बड़े शहरों में भी बड़ी समस्या यही है कि सड़कों पर होने वाली भीड़ की समस्या से निपटा कैसे जाए। हालांकि लाखों लोगों के सामने बड़ी मजबूरी रोजाना कमाने-खाने की होती है। इसलिए काम पर जाना विवशता है। ऐसे लोगों की संख्या भी लाखों में है जो छोटे उद्योगों, फैक्ट्रियों में काम करते हैं। उनकी रोजी-रोटी एक दम से बंद नहीं करनी होगी। कोरोना की चौथी लहर सामने है। पहली से तीसरी लहर तक हमने जिस तरह की गंभीरता दिखाई, वही अब फिर दिखाने का समय आ गया है। सुरक्षित दूरी और मास्क के साथ टीके की दोनों खुराक ही कोरोना को पस्त करने का बड़ा हथियार है।

# जब रक्षक बन जाये भक्षक, फिर बेटी कौन बचाये

निर्मल रानी



हमारे देश में जहां कन्याओं व महिलाओं के कल्याण व उनके संरक्षण,सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के लिये सरकार द्वारा तरह तरह की योजनाओं के दावे किये जाते हैं। जहां हमारा समाज कन्याओं की देवी स्वरूप पूजा करता और नवरात्रों में कंजक बिठाता है। जहां धार्मिक प्रवचनों व सत्संगों में पुरुषों से अधिक महिलायें बढ़चढ़कर हिस्सा लेती हों और तालियां बजा बजाकर व नृत्य कर अपनी धार्मिक श्रद्धा व भक्ति का प्रदर्शन करते न थकती हों, जहाँ लड़कियों की पूजा कर उनके पैर भी धोये जाते हों,उन्हीं कन्याओं व महिलाओं के साथ आख़िर कौन सा ज़ुल्म नहीं होता ? बलात्कार,सामूहिक बलात्कार,बलात्कार के बाद हत्या,लड़कियों के चेहरे पर तेज़ाब डालकर उनके चेहरे को बदसूरत बनाने जैसा जघन्य अपराध,शादी करने का झांसा देकर अपनी वासना की हवस पूरी कर किसी लड़की को धोखा देना, दहेज की मांग,और मांग न पूरी होने पर हत्या कर देना या पत्नी को छोड़ देना अथवा मनमुटाव रखना या इसी बहाने मार पीट करते रहना आदि जैसे अनेक ज़ुल्म इसी %देवी रुपी% कन्याओं के साथ आये दिन होते रहते हैं। एक आंकलन के अनुसार भारत में 88 मिनट के अंतराल में बलात्कार की एक घटना होती है।

ऐसे में सवाल यह है कि क्या समाज व परिवार का कोई वर्ग या रिश्ता ऐसा भी है जहां कन्या को व उसकी इज़्ज़त आबरू को पूरी तरह सुरक्षित समझा जाये ? क्या पिता के पास उसकी अपनी पुत्री सुरक्षित है? क्या भाई के पास उसकी बहन सुरक्षित है ? क्या गुरु के पास उसकी शिष्या, किसी संत,पुजारी या मौलवी के पास श्रद्धा भाव लेकर सत्कारवश जाने वाली किसी बच्ची की इज़्ज़त सुरक्षित है ? किसी अधिकारी के मातहत काम करने वाली महिला, किसी नेता के पास अपनी फ़रियाद लेकर पहुंची कोई लड़की अपना दुखड़ा लेकर इंसाफ़ मांगने के लिये थाने पहुंची कोई लड़की,आख़िर कौन सी ऐसी जगह है जहाँ हम और आप दावे से यह कह सकें कि अमुक वर्ग या अमुक रिश्ते के अंतर्गत बेटियां और उनकी इस्मत व आबरू पूरी तरह सुरक्षित है।लड़कियों के प्रति असुरक्षा की इस तरह की भावना कोई कोरी कल्पना पर नहीं बल्कि भारत के किसी न किसी कोने से प्राप्त होने वाली अविश्वसनीय किन्तु सत्य व दिल दहलाने वाली ख़बरों पर आधारित हैं।

उदारहरण के तौर पर पिछले दिनों इंदौर शहर के खजलाना थाना क्षेत्र से एक ऐसी ख़बर आई जिसे सुनकर किसी भी मानव हृदय रखने वाले व्यक्ति की रूह काँप उठे। ख़बरों के अनुसार एक दुराचारी व्यक्ति जोकि किसी खाड़ी देश में एक पेट्रोकेमिकल कंपनी में कार्यरत है वह अपनी ग्यारह वर्षीय सगी बेटी के साथ दुष्कर्म करने का आदी हो गया था। उसने अपनी बेटी की आयु 15 वर्ष होने तक यह कुकर्म जारी रखा। हद तो यह कि उसने इन चार वर्षों में कई बार अपनी बेटी से अप्राकृतिक दुष्कर्म भी किया। वह केवल अपनी बेटी से दुष्कर्म करने की ख़ातिर ही वर्ष में दो बार अरब देश से इंदौर आता और जब मौक़ा मिलता वह उसके साथ कुकर्म करता। वह बेटी को यह बात किसी से भी न बताने को कहता और बताने पर उसे जान से मारने की धमकी देता। पिछले दिनों एक दिन जब उसके शरीर में पीड़ा हुई तो उसने अपनी मां से इन बातों का ज़िक्र किया। पहले तो उसकी मां को यक़ीन ही नहीं हुआ। परन्तु लड़की के बहुत यक़ीन दिलाने पर वह मान गयी। और बेटी के साथ उसने पुलिस में जाकर एफ़ आई आर कर दी। जब वासना का भेड़िया उसका हब्शी बाप पिछले दिनों पुनः अपनी बेटी को अपनी हवस का शिकार बनाने भारत आया तो इंदौर पुलिस ने उसे गिरफ़्तार कर लिया। इसी तरह भाई,चाचा,मामा,ससुर,जेठ,देवर,जीजा जैसे पवित्र रिश्तों को कलंकित करने वाले अनेक समाचार प्राप्त होते रहते हैं। इसी तरह एक सामूहिक बलात्कार पीड़िता जब आप बीती लेकर थाने पहुंची तो मौक़ा पाकर थानेदार ने भी उसके साथ बलात्कार कर दिया। इससे बड़ा राक्षसीय व अमानवीय कृत्य और क्या होगा ?

गुरु शिष्या या अध्यापक व छात्रा का रिश्ता भी किसी पिता या अभिभावक के कम नहीं। परन्तु यह रिश्ता भी हमारे देश में तार तार हो चुका है। इसके उदाहरण गिनने की तो ज़रुरत ही नहीं क्योंकि कई %कुप्रसिद्ध गुरु घंटाल % आज भी अपने ऐसे ही दुषकर्मों की सज़ाएं जेल की सलाख़ों के पीछे रहकर काट रहे हैं। मंदिर-मस्जिद-मदरसा आदि कितने पवित्र स्थलों में गिने जाते हैं। परन्तु आये दिन यह ख़बर आती है कि कभी किसी महंत ने किसी बाबा या पुजारी ने अथवा किसी मौलवी या हाफ़िज़ ने किसी बच्ची या महिला के साथ अपना मुंह काला किया। उदाहरण स्वरूप पिछले दिनों एक ताज़ातरीन हृदय विदारक घटना राजस्थान के अलवर ज़िले के मालाखेड़ा क्षेत्र में घटी।यहां एक 60 वर्षीय पुजारी एक पांच वर्ष की मासूम बच्ची को बहला फुसला कर मंदिर में ले गया और वहीं उसके साथ ज़ोर ज़बरदस्ती कर दुष्कर्म करने लगा। जब लड़की असहनीय पीड़ा से ज़ोर ज़ोर चीख़ी चिल्लाई तब उसकी आवाज़ सुनकर पड़ोस से लोग इकठ्ठा हुये और पुजारी को रंगे हाथों पकड़ा। उसकी आम लोगों ने ख़ूब पिटाई की। बताया जाता है कि अलवर की पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम स्वयं घटना स्थल पर पहुंचीं और पुजारी पर एफ़ आई आर से लेकर मेडिकल जांच आदि तक की कार्रवाई स्वयं अपनी देखरेख में कराई। इसी प्रकार कुछ समय पूर्व एक समाचार उत्तर प्रदेश से आया था जिसके अनुसार कोई मौलवी तलाक़ के बाद हलाला व्यवस्था के नाम पर तलाक़ शुदा महिलाओं से ऐय्याशी का धंधा चलाता था। हमारे ही देश में सत्ता के लोग विधान सभा में बैठकर ब्लू फ़िल्म देखते पकड़े गये। उत्तर प्रदेश का ही एक बाहुबली विधायक तो बलात्कार व क़त्ल के इलज़ाम में अभी भी जेल में है।

गोया हम इस निष्कर्ष पर पहुँच सकते हैं कि चाहे जिस पद,गद्दी अथवा धार्मिक या संवैधानिक मरतबे पर बैठा व्यक्ति क्यों न हो,रिश्ता भी चाहे जितना पवित्र क्यों न हो,परन्तु कभी भी उसके भीतर बैठा वासना का राक्षस उसे किसी भी पद अथवा रिश्ते को तार तार करने के लिये मजबूर कर सकता है। ऐसे में समाज के सामने आज का सुलगता सवाल यही है कि आख़िर जब रक्षक ही बन जाये भक्षक,फिर बेटी कौन बचाये ?

## जीवन का बड़ा सबक

पं. रामनाथ एक छोटी-सी जगह गुरुकुल में छात्रों को पढ़ाते थे। कृष्णनगर के राजा शिवचंद्र को यह पता लगा तो उन्हें बहुत दुख हुआ कि ऐसा महान विद्वान भी गरीबी में रह रहा है। एक दिन वह स्वयं पंडितजी से मिलने उनकी कुटिया में जा पहुंचे और बोले-पंडित जी, मैं आपकी कुछ सहायता करना चाहता हूं। पं. रामनाथ ने कहा-राजन, भगवान की कृपा ने मेरे सारे अभाव मिटा दिए हैं। मुझे अब कोई आवश्यकता नहीं रही। राजा बोले-मैं घर खर्च के बारे में पूछ रहा हूं। हो सकता है उसमें कुछ परेशानी होती हो। उन्हें जवाब मिला-%इस बारे में तो गृहस्वामिनी अधिक जानती हैं। आप उन्हीं से पूछ लें। यह सुनकर राजा गृहिणी के पास जा पहुंचे-%माता, आपके घर के खर्च के लिए कोई कमी तो नहीं? गृहिणी का जवाब था- भला सर्व-समर्थ परमेश्वर के रहते उनके भक्तिं को क्या कमी रह सकती है। पहनने को कपड़े हैं। सोने को बिछौना है। पानी रखने के लिए मिट्टी का घड़ा है। भोजन की खातिर विद्यार्थी सीधा ले आते हैं। बाहर खड़ी चौलाई का साग हो जाता है। इससे अधिक की जरूरत भी क्या है? राजा श्रद्धावनत हो गए, फिर भी बोले-हम चाहते हैं कि आपको कुछ गांवों की जागीर प्रदान करें। इससे आपको भी अभाव नहीं रहेगा और गुरुकुल भी ठीक से चलता रहेगा। राजा की यह बात सुनकर वृद्ध गृहिणी मुस्कराई-देखिए राजन, इस संसार में परमात्मा ने हर मनुष्य को जीवन रूपी जागीर पहले से दे रखी है। जो इसे अच्छी तरह से संभालना सीख लेता है, उसे फिर किसी चीज का अभाव नहीं रह जाता। यह सुनकर राजा शिवचंद्र का मस्तक झुक गया। आज उन्हें एक बड़ा सबक मिल गया था।

## विश्व हाथी दिवस

अरविन्द प्रेमचंद जैन



एक अंतरराष्ट्रीय वार्षिक आयोजन है, जो दुनिया के हाथियों के संरक्षण और संरक्षण के लिए समर्पित है। कनाडा के फिल्म निर्माताओं पेट्रीसिया सिम्स और कैनाज़वेस्ट पिक्चर्स के माइकल क्लार्क और थाईलैंड में हाथी प्रजनन फाउंडेशन के महासचिव शिवपोर्न दरदारानंद द्वारा 2011 में कल्पना की गई थी, इसे आधिकारिक तौर पर 12 अगस्त को पेट्रीसिया सिम्स और हाथी प्रजनन फाउंडेशन द्वारा स्थापित, समर्थित और लॉन्च किया गया था। 2012 उस समय से, पेट्रीसिया सिम्स ने विश्व हाथी दिवस का नेतृत्व, समर्थन और निर्देशन जारी रखा है, जिसे अब 100 से अधिक वन्यजीव संगठनों और दुनिया भर के देशों में कई व्यक्तियों द्वारा मान्यता प्राप्त और मनाया जाता है।

**मिशन:** विश्व हाथी दिवस का लक्ष्य अफ्रीकी और एशियाई हाथियों की तत्काल दुर्दशा के बारे में जागरूकता पैदा करना और बंदी और जंगली हाथियों की बेहतर देखभाल और प्रबंधन के लिए ज्ञान और सकारात्मक समाधान साझा करना है। संकटग्रस्त प्रजातियों की द्घष्टह्न लाल सूची में अफ्रीकी हाथियों को ÷कमजोर÷ और एशियाई हाथियों को ÷लुप्तप्राय÷ के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। एक संरक्षणवादी ने कहा है कि अफ्रीकी और एशियाई दोनों हाथी बारह वर्षों के भीतर विलुप्त होने का सामना कर रहे हैं। वर्तमान जनसंख्या अनुमान अफ्रीकी हाथियों के लिए लगभग 400,000 और एशियाई हाथियों के लिए 40,000 है, हालांकि यह तर्क दिया गया है कि ये संख्या बहुत अधिक है।

**इतिहास:** पहला विश्व हाथी दिवस 12 अगस्त 2012 को आयोजित किया गया था। विलियम शैटनर द्वारा सुनाई गई फ़िल्म रिटर्न टू द फ़ॉरेस्ट, बंदी एशियाई हाथियों के जंगली में पुन॑ परिचय के बारे में है [ और उद्घाटन विश्व हाथी दिवस पर रिलीज़ हुई थी। फॉलो-अप फीचर फिल्म व्हेन एलीफेंट्स वेयर यंग, जिसे शैटनर द्वारा भी सुनाया गया है, थाईलैंड में एक युवक और युवा हाथी के जीवन को दर्शाती है।

**अवैध शिकार:** हाथीदांत की मांग, जो चीन में सबसे अधिक है, अफ्रीकी और एशियाई दोनों हाथियों के अवैध शिकार की ओर ले जाती है। उदाहरण के लिए, दुनिया के सबसे बड़े हाथियों में से एक, सातो को हाल ही में उसके प्रतिष्ठित दाँतों के लिए मार दिया गया था।एक और प्रतिष्ठित केन्याई हाथी, माउंटेन बुल, भी शिकारियों द्वारा मारा गया था, और हाथी दांत के लिए सड़क मूल्य अब सोने से अधिक हो गया है, अफ्रीकी हाथी एक अवैध शिकार महामारी का सामना करते हैं। मांस, चमड़े और शरीर के अंगों के लिए हाथियों का भी अवैध शिकार किया जाता है, अवैध वन्यजीव व्यापार के कारण हाथियों को खतरे में डाल दिया जाता है, क्योंकि इसे कम जोखिम और उच्च लाभ का प्रयास माना जाता है। इन जानवरों के बड़े आकार के साथ-साथ परिवहन के लिए आवश्यक उपकरणों की मात्रा के कारण शिकारियों को अक्सर इस गतिविधि के लिए प्रशिक्षित माना जाता है।

**प्राकृतिक वास का नुकसान:** वनों की कटाई, खनन में वृद्धि, और कृषि गतिविधियों के कारण आवास का नुकसान विशेष रूप से एशियाई हाथियों के लिए समस्याग्रस्त हो गया है। आवास का विखंडन भी अलगाव पैदा करता है - यह प्रजनन को और अधिक कठिन बना देता है, और शिकारियों को हाथियों को खोजने और अधिक आसानी से जाल लगाने की अनुमति देता है।एशियाई हाथियों ने अपने निवास स्थान का लगभग 30-40त्न खो दिया है, जिससे अपनी संतान और खुद को बनाए रखना अविश्वसनीय रूप से कठिन हो गया है।

**मानव-हाथी संघर्ष:** मानव-हाथी संघर्ष एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है, क्योंकि जैसे-जैसे मानव आबादी बढ़ती है और वनों का आच्छादन घटता जाता है, हाथियों को मानव बस्तियों के साथ निकटता के लिए मजबूर किया जाता है। घटनाओं में फसल क्षति और आर्थिक नुकसान के साथ-साथ हाथी और मानव हताहत दोनों शामिल हैं।

**कैद में दुर्व्यवहार:** चिड़ियाघरों, सर्कसों और पर्यटन में हाथियों की देखभाल और उपचार के संबंध में कानून की कमी के कारण अक्सर उनके साथ दुर्व्यवहार होता है। बंदी हाथियों के लिए एक गंभीर खतरा हो सकता है, और एशियाई हाथियों को अक्सर अवैध रूप से जंगली में पकड़ लिया जाता है।

# बच्चों की मौत को रोकने के हो सार्थक प्रयास

### सूडोकु नवताल- 6098

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6097 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

रमेश सर्राफ धमोरा



कहते हैं कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं। बच्चे ही बड़े होकर देश के विकास को आगे बढ़ाते हैं। कम उम्र में ही बच्चों की प्रतिभा का पता चल जाता है कि आगे चलकर यह विशिष्ट प्रतिभाशाली व्यक्ति बनेगा। मगर दुनिया में बहुत से बच्चे ऐसे होते हैं जो अपने जन्म से पांच साल की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते ही विभिन्न बीमारियों से ग्रसित होकर मर जाते हैं। इस तरह मरने वाले बच्चों की संख्या बहुत अधिक है। भारत में भी हर दिन पांच साल से कम उम्र के बच्चे बड़ी संख्या में मौत के मुंह में चले जाते हैं।

आज के वैज्ञानिक युग में बच्चों की इस तरह से मौत होना बहुत ही दुखदाई तो है ही साथ ही दुनिया के सामने एक यक्ष प्रश्न भी है कि नवजात बच्चों की इस तरह से होने वाली मौत को क्यों नहीं रोका जा सकता है। हालांकि पिछली सदी के मुकाबले बच्चों की मौत को काफी हद तक नियंत्रित किया गया है। मगर आज भी बड़ी संख्या में बच्चों की मौत सभी को दुखी कर रही है। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी का भी मुकाबला दुनिया ने बड़ी हिम्मत के साथ किया था। भारत सहित दुनिया के कई देशो के वैज्ञानिकों ने मात्र आठ महीनों में ही कोरोना से बचाव की दवा बना कर काफी हद तक कोरोना महामारी पर नियंत्रण पा लिया। ऐसे में सवाल उठता है कि जब कोरोना जैसी महामारी को नियंत्रित किया जा सकता है तो फिर बच्चों की होने वाली मौत को क्यों नहीं रोका जा सकता है।

निमोनिया पांच साल से कम उम्र के बच्चों में मौत का बड़ा कारण है। इसके उपचार में देरी बच्चे की जान के लिए मुश्किल खड़ी कर सकती है। उचित देखभाल और प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की कमी के चलते नवजात शिशुओं की मौत पर नियंत्रण लगाना कितना मुश्किल है। इसका पता सेव दि चिल्ड्रन संस्था द्वारा जारी की गई रिपोर्ट से चलता है। रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में हर साल दस लाख से अधिक बच्चे एक दिन से ज्यादा जीवित नहीं रह पाते। रिपोर्ट ने प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों और जन्म से जुड़ी जटिलताओं को इन मौतों की सर्वाधिक प्रमुख वजह माना है। जन्म के समय उचित देखभाल और प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्मिकाओं की जरूरत को तमाम स्वास्थ्य और सामाजिक कार्यकर्ता रेखांकित करते रहे हैं। इस बात को रिपोर्ट में भी स्वीकार किया गया है कि अगर जन्म के समय प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद हों तो लगभग आधी मौतों को टाला जा सकता है। स्वास्थ्य सेवाओं के जानकार मानते हैं कि अधिकांशतः गरीब देशों में जहां स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पातीं। वहां शिशुओं के लंबे समय तक जीवित रहने की संभावना भी बहुत कम होती है। खुद भारत की स्थिति भी इस मामले में बहुत अच्छी नहीं है।

स्वास्थ्य किसी भी देश के लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता वाला क्षेत्र होता है। किसी भी समाज की खुशहाली का अनुमान उसके बच्चों को देखकर लगाया जा सकता है। लेकिन जिस समाज में हर साल लाखों बच्चे इस दुनिया में अपना एक दिन भी पूरा नहीं कर पाते वह कैसा समाज होगा इसे बताने की जरूरत नहीं। जब देश में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की कोई कमी नहीं है। तब ऐसा होना शर्मनाक ही नहीं बल्कि एक घृणित अपराध है। भारत में हर साल 5 साल से कम उम्र के करीब 10 लाख बच्चे कुपोषण के कारण मर जाते हैं। इतना ही नहीं कुपोषण के मामले में भारत दक्षिण एशिया का अग्रणी देश बन गया है। जहां कुपोषण के मामले सबसे अधिक पाए जाते हैं। सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि कुपोषण को चिकित्सकीय आपातकाल करार दिया जाए। उनका कहना है कि ये आंकड़े चैंकाने वाले हैं और अति कुपोषण के लिए आपातकालीन सीमा से ऊपर है। कुपोषण की समस्या को हल करने के लिए पॉलिसी बनाने एवं इसके क्रियान्वयन के लिए पर्याप्त बजट की आवश्यकता है। यूनिसेफ ने द स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स चिल्ड्रन 2019 नाम की अपनी रिपोर्ट में बताया कि भारत में पांच वर्ष से कम आयु के हर पांचवें बच्चे में विटामिन ए की कमी है।

## पैगंबर-विवाद: बात का बतंगड़

वेदप्रताप वैदिक

पैगंबर-विवाद को लेकर भारत में और इस्लामी देशों में कैसा बात का बतंगड़ बन रहा है। भाजपा के जिन दो लोगों के बयान पर कुछ इस्लामी राष्ट्रों ने आपत्ति की थी, उसे मानकर दोनों ने माफी मांग ली और भारत सरकार ने दोनों का पक्ष भी नहीं लिया। ऐसे में सारा विवाद शांत हो जाना चाहिए था लेकिन यह विवाद द्रौपदी के चीर की तरह खिंचता ही चला जा रहा है। जहां दिल्ली में पुलिस ने 31 व्यक्तियों के खिलाफ रपट दर्ज कर ली है, वहां कुछ इस्लामप्रेमियों ने प्रवक्ताओं के मुंडी या जुबान काटकर लानेवाले के लिए लाखों-करोड़ों का इनाम घोषित कर दिया है। अभी तक लोगों को यही पता नहीं है कि पैगंबर मोहम्मद पर जो टिप्पणी की गई थी, वह क्यों की गई थी और उस टिप्पणी में क्या कहा गया था। टिप्पणी के समर्थकों और विरोधियों की संख्या बढ़ती ही चली जा रही है। यही हाल इस्लामी देशों का भी है। पाकिस्तान जैसे देश को, जो खुद भयंकर मुसीबत में फंसा हुआ है, अब एक नई बटेर हाथ लग गई है। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और इमरान के बीच दौड़ लगी हुई है कि भारत की भर्त्सना करने में कौन आगे निकल जाए। कराची के एक मंदिर में भी तोड़-फोड़ कर दी गई है। शाहबाज सरकार इस अंदेशे से सतर्क हो गई है कि कहीं पाकिस्तान के हिंदुओं पर जबर्दस्त हमले ने हो जाएं। इधर मालदीव की सरकार और उसके विपक्षियों के बीच तलवारें खिंच गई हैं। जैसे पाकिस्तान की संसद ने भारत की भर्त्सना का प्रस्ताव पारित कर दिया है, बिल्कुल वैसा ही प्रस्ताव मालदीव के विपक्षी नेता अपनी संसद में भी पास करना चाहते हैं। इस्लामी सहयोग संगठन की भरसक कोशिश है कि यह मामला संयुक्तराष्ट्र संघ के मंचों पर भी तूल पकड़े। आजकल मालदीव के अब्दुल्ला शाहिद संयुक्तराष्ट्र महासभा के अध्यक्ष हैं। पाकिस्तान को हराकर वे अध्यक्ष बने थे लेकिन वे इस मुद्दे पर काफी संयत रूख अपनाए हुए हैं। ईरान की हमें तारीफ करनी होगी कि इस विवाद के दौरान ही उसने अपने विदेश मंत्री को भारत भेजा और आपसी सहयोग के नए आयाम खोले। इस्लामी सहयोग संगठन के 57 सदस्य हैं लेकिन उनमें मुश्किल से डेढ़ दर्जन सदस्यों ने भारत से अपनी नाराजगी जाहिर की है। शेष सदस्यों को यह समझ में ही नहीं आ रहा है कि इस पैगंबर-विवाद का असली मुद्दा क्या है। भारत के विरोधी दल, खासतौर से कांग्रेस के नेता इस मुद्दे पर उटपटांग बयान जारी करके अपनी भद्द पिटवा रहे हैं।

# फैशन कम्युनिकेशन क्षेत्र में हैं संभावनाएं



तेजी से बदलते फैशन के इस दौर में फैशन कम्युनिकेशन के क्षेत्र में भी अच्छी संभावनाएं हैं। एक फैशन कम्युनिकेशन एक्सपर्ट का काम अपने क्लाइंट या कंपनी की एक बेहतरीन छवि बनाता है। साथ ही वह अपने क्लाइंट के उत्पाद को टार्गेट कस्टमर्स तक सर्वोत्तम तरीके से पहुंचाता है। इतना ही नहीं, वह ब्रांड के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार के तरीकों पर भी नजर रखता है। जब भी फैशन इंडस्टी की बात होती है तो लोग फैशन डिजाइनर या मॉडल बनने की ही चाहत रखते हैं। लेकिन यह एक ऐसी इंडस्टी है, जिसमें पिछले काफी सालों में बदलाव आया है और इसी कारण अब इस क्षेत्र में करियर की नई संभावनाओं ने जन्म दिया है। फैशन इंडस्टी में एक ऐसा ही करियर है फैशन कम्युनिकेशन है। यह तेजी से उभरता क्षेत्र है और अब युवाओं का आकर्षण इस ओर बढ़ने लगा है।

### संभावनाएं

फैशन कम्युनिकेशन का कोर्स करने के बाद आप फैशन डिजाइनर, ग्राफिक डिजाइनर, फैशन पत्रकार, प्रोफेसर, डिजाइन सहायक, फैशन सहायक, फैशन मार्केटिंग मैनेजर, फैशन एडिटर, फैशन फोटोग्राफर, कला निर्देश आदि भूमिकाएं अदा कर सकते हैं। इस कोर्स को करने के बाद कई इंडियन व इंटरनेशनल ब्रांड के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं।

### योग्यात

इसके लिए डिप्लोमा या बैचलर डिग्री की जरुरत रहती है। इसके बाद आप फैशन कम्युनिकेशन में ही मास्टर और डॉक्टरेट भी कर सकते हैं।

### आमदनी

इस क्षेत्र में आमदनी आपके काम पर निर्भर करती है और अनुभव के साथ आमदनी भी बढ़ती है। वैसे शुरूआती दौर में आप सालाना 2 से 3 लाख रूपए आसानी से कमा सकते हैं।

### क्या होता है काम

एक फैशन कम्युनिकेशन एक्सपर्ट को कई काम करने होते हैं। वह अपने क्लाइंट या कंपनी की एक बेहतरीन छवि बनाता है। साथ ही वह अपने क्लाइंट के उत्पाद को टार्गेट कस्टमर्स तक सर्वोत्तम तरीके से पहुंचाता है। इतना ही नहीं, वह ब्रांड के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार के तरीकों पर भी नजर रखता है। अपने क्लाइंट व बिजनेस हाउस की तरफ से मीडिया के साथ कम्युनिकेट व डील करते हैं। एक फैशन कम्युनिकेशन एक्सपर्ट डिजाइन लेआउट, वेब पेज और मल्टीमीडिया डिजाइन डेवलप करता है।

### स्किल्स

इस क्षेत्र में आपकी मार्केटिंग स्टेटजी अच्छी होनी चाहिए। साथ ही आपमें कम्युनिकेशन व नेटवर्किंग स्किल्स भी बेहतरीन होने चाहिए, इसके बिना आपको अपने क्षेत्र में कठिन संघर्ष करना पड़ सकता है। वहीं इस क्षेत्र में डेडलाइन पर काम करना होता है, इसलिए आपको कई-कई घंटे लगातार काम करना पड़ता है। इसलिए अगर आपमें धैर्य व कठिन परिश्रम करने की क्षमता नहीं है तो आप इस क्षेत्र में नहीं टिक पाएंगे। इसके अतिरिक्त आपकी मौखिक व लिखित दोनों ही रूपों में अलग-अलग भाषा पर पकड़ अच्छी होनी चाहिए।

### प्रमुख संस्थान

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, विभिन्न केन्द्र
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, गुजरात
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, पुणे
- इंस्टीट्यूट ऑफ अपैरल मैनेजमेंट, गुरूग्राम
- जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, नई दिल्ली।

# हेल्थ केयर में बढ़ती रोजगार की संभावनाएं



केरियर निर्माण की दृष्टि से देश का हेल्थकेयर सेक्टर सबसे तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश की विशाल आबादी और खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों में बसने वाली आबादी को देखते हुए यह कहा जा सकता है। लगभग समस्त सर्वेक्षणों में स्पष्ट कहा गया है कि आने वाले दशक में देश में निजी निवेश और कॉर्पोरेट अस्पताल संस्कृति के कारण उपलब्ध बेड और स्वास्थ्यकर्मियों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। इतना ही नहीं, अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक उपकरणों पर भी प्राय- अस्पतालों में ज्यादा धन खर्च किया जाएगा और सुपरस्पेशियलिटी अस्पतालों का प्रचलन बढ़ेगा। इन निजी कॉर्पोरेट अस्पतालों में अपोलो, मैक्स, मेदांता ग्रुप, मेट्रो हास्पीटल आदि का विशेषतौर पर नाम लिया जा सकता है। महानगरों से आगे बढ़ते हुए इन समूहों द्वारा छोटे शहरों में अब अस्पताल खोले जा रहे हैं हालांकि सरकारी अस्पतालों का भी आधुनिकीकरण किया जा रहा है पर यह अमूमन बड़े शहरों तक ही सीमित है। इस स्थिति की असल वजह सरकार के पास धन की सीमित मात्रा का होना तथा अन्य वरीयताओं का होना दिया जा सकता है। इसके बावजूद यह भी सच है कि स्वास्थ्यकर्मियों की सबसे बड़ी फौज को रोजगार इन्हीं सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों अथवा सरकारी अस्पतालों में मिला हुआ है। भविष्य में इनके लिए आधुनिक चिकित्सा उपकरणों को ऑपरेट करने वाले ट्रेंड टेक्नीशियन अथवा नई बीमारियों के नियंत्रण हेतु विशिष्ट ट्रेंड चिकित्सकों की नियुक्तियां बड़े पैमाने पर होंगी, इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। इन ट्रेंड चिकित्साकर्मियों में डॉक्टरों, पेरामेडिकल स्टाफ, नर्सिंग कर्मियों, लैब टेक्नीशियन, रेडियोलॉजिस्ट, फिजियोथिरेपिस्ट आदि का उल्लेख किया जा सकता है। देश में इंजीनियरिंग कॉलेजों की तुलना में फिलहाल मेडिकल कॉलेजों की संख्या बहुत कम है लेकिन आने वाले समय में इनकी संख्या में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि होने की पूरी-पूरी संभावना व्यक्त की जा सकती है। ऐसे में भविष्य में स्वास्थ क्षेत्र में बड़ी तादाद में प्रशिक्षित लोगों की जरुरत रहेगी।

# स्टार्टअप के जरिये अपना कारोबार शुरू करें

देश में बढ़ती बेरोजगारी देखते हुए अब स्वरोजगार पर जोर दिया जा रहा है। ऐसे में युवा स्टार्टअप के जरिये अपना स्वयं का कारोबार शुरु कर रहें हैं। सरकार भी इसको बढ़ावा दे रही है। स्टार्टअप के तहत दूर दराज के ग्रामीण इलाकों में भी नये तरीके अपना कर कई करोबार शुरु किए जा सकते हैं। इसमें कम निवेश पर भी अच्छी खासी आय हो सकती है।

आज हम आपको बात रहे है कुछ ऐसे ही व्यवसायों के बारे में जिन्हें आप कम लागत में ही शुरु कर लाखों रुपये कमा सकते हैं

### डेयरी शुरु करें

गांव में रहने वाले अपने पास गाय या भैंस रखते ही हैं। बस एक या दो और गाय या भैंस खरीद कर डेयरी बिजनेस की शुरुआत कर सकते हैं। आपको एक अच्छी गाय 30 हजार रुपए तक की कीमत में और एक भैंस 50 हजार रुपए तक में मिल सकती है। शहरों में दूध की काफी मांग रहती है, इसलिए दूध का बिजनेस फायदेमंद हो सकता है। दूध 50 रुपए प्रति लीटर तक बिक जाता है। दूध की बिक्री के लिए आप डेयरी कंपनियों से संपर्क कर सकते हैं या फिर स्थानीय स्तर पर दूध बेचने वालों से भी संपर्क कर सकते हैं।

### सब्जियों की खेती

धान और गेहूं उगाने के अलावा सब्जियों की खेती आपको मालामाल कर सकती है। अगर आपके पास छोटी सी जमीन भी है तो इसमें आप सब्जी उगा सकते हैं। आजकल तो भारत सरकार देश के अलग अलग हिस्सों में कृषि सेंटर भी खोल रही है जहां आपको कम जमीन में अधिक पैदावार की तकनीक आसानी से मिल जाएगी। मिर्च, गोभी, टमाटर जैसी सब्जियां जमकर मुनाफा देती हैं।




### मछली पालन


मछली पालन एक अच्छा बिजनेस साबित हो सकता है। शहरों में मछली की मांग काफी ज्यादा है। आप मछली पालन के लिए छोटी जमीन से काम शुरू कर सकते हैं। जमीन खोदने के बाद निकलने वाली मिट्टी तो बेच ही सकते हैं, जो गड्ढा बनेगा उसे तालाब की शक्ल देकर जलस्तर बढ़ाने में भी मदद कर सकते हैं। ये कारोबार आपको लाखों की कमाई करा सकता है।

### फूलों की खेती

आजकल हर त्योहारों, कार्यक्रमों, शादियों और पूजा-पाठ में फूलों की मांग काफी ज्यादा होती है। आप अपनी जमीन पर फूलों की खेती कर सकते हैं। सूरजमुखी, गुलाब, गेंदे की खेती बेहद फायदे की है। फूल बिक्रेता या कंपनियों से संपर्क कर आप अपने फूल बेच सकते हैं।

### पेड़ लगायें

अगर आपके पास एक या दो बीघे की भी खेती है तो आप उसमें शीशम, सागौन जैसे बेशकीमती पेड़ लगा सकते हैं। अच्छे तरीके से लगाए गए ये पेड़ 8-10 साल बाद आपको करोड़पति बना सकते हैं। एक शीशम का पेड़ 40 हजार रुपए में बिक जाता है। सागौन का



# प्राकृतिक चिकित्सा क्षेत्र में सेवा के साथ बनायें कॅरियर

आज के समय में जिस प्रकार की जीवनशैली है उसके कारण हर व्यक्ति किसी न किसी समस्या से ग्रस्त रहता ही है। लेकिन हर समस्या के लिए दवाइयों का इस्तेमाल करना उचित नहीं माना जाता। अगर आप भी लोगों का इलाज प्राकृतिक तरीके से करने में विश्वास रखते हैं तो नेचुरोपैथी (प्राकृतिक चिकित्सा) में अपना भविष्य बना सकते हैं। यह एक ऐसी वैकल्पिक चिकित्सा है, जिसमें प्रकृति के पांच तत्वों की सहायता से व्यक्ति का इलाज किया जाता है। यह इलाज की एक बेहद पुरानी पद्धति है।



इस क्षेत्र में व्यक्ति को सामान्य चिकित्सा व मानव शरीर रचना विज्ञान के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त एक सफल नेचुरोपैथ बनने के लिए आपके भीतर धैर्य, बेहतर संवाद के साथ ही संयम होना चाहिये ताकि मरीज की जरूरतों को समझते हुए उसका मनोबल भी बढ़ा सकें। आपमें रोगियों के भीतर विश्वास पैदा करने का भी कौशल होना चाहिए।

### कैसे होता है उपचार

एक प्राकृतिक चिकित्सक का मुख्य काम सिर्फ रोगी का इलाज करना ही नहीं होता, बल्कि उसके खानपान और उसके जीवनशैली में भी बदलाव लाना है, ताकि व्यक्ति जल्द से जल्द ठीक हो सके। इतना ही नहीं, उसे मनोविज्ञान का भी कुछ ज्ञान होना चाहिए ताकि वह रोगी की मानसिक हालत को समझकर उसे बेहतर उपचार दे सके।

### योग्यता

इस क्षेत्र में आ रहे छात्रों का भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीवविज्ञान में कम से कम 45 प्रतिशत अंक होने चाहिए। इसके बाद आप बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी और यौगिक साइंस कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त इसमें डिप्लोमा कोर्स भी करने के साथ ही एक नेचुरोपैथ वेलनेस सेंटर्स, न्यूटिशन सेंटर, हॉस्पिटल, हेल्थ केयर सेंटर आदि में भी अवसर तलाश सकते हैं। इसके अतिरिक्त आप एकेडमिक्स, कम्युनिटी हेल्थ सर्विस केयर, सोशल वेलफेयर, मैन्युफैक्चरिंग और नेचुरल प्रॉडक्ट्स कंपनी आदि में भी काम कर सकते हैं। भारत में प्राकृतिक चिकित्सक सरकारी और निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में नियुक्त किए जाते हैं। वैसे लग्जरी होटल व हेल्थ रिसॉर्ट में भी नेचुरोपैथ सर्विसेज दी जाती हैं, वहां पर भी नौकरी मिल सकती है। एक अनुभवी प्राकृतिक चिकित्सक खुद का सेंटर भी खोल सकता है।

### आमदनी

एक नेचुरोपैथ यानी प्राकृतिक चिकित्सक का वेतन काफी हद तक उसकी लोकेशन, विशेषज्ञता, योग्यता और अनुभव पर निर्भर करता है। वैसे शुरूआती तौर पर एक नेचुरोपैथ दस हजार से बीस हजार रूपए आसानी से कमा सकता है। एक बार अनुभव प्राप्त करने के बाद आपको आकर्षक वेतन मिल सकता है।

### प्रमुख संस्थान

- इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ योगा एंड नेचुरोपैथी, नई दिल्ली। प्रज्ञान इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रांची।
- एसडीएम कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगा सांइस, कर्नाटक।
- हिमालयन यूनिवर्सिटी, ईटानगर

# एक साल में ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी 281.53 लाख के सड़क की गुणवत्ता की खुली पोल,16 किलोमीटर के इस सड़क में जगह-जगह दिखने लगी भ्रष्टाचार की दरारे

**अश्वनी अवस्थी ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ**

**देवभोग**. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाली सड़कों में गड़बड़ी का मामला गाहे-बगाहे सामने आता रहता है। ताजा मामला कुम्हड़ई कला से लेकर सुपेबेडा सीमा तक जाने वाली सड़क का है। साल भर में ही सड़क दरकने लगी है।

पीएमजीएसवाई के तहत निर्मित इस सड़क में कई जगह दरार पड़ गई हैं, वहीं 16.425 किलोमीटर की इस सड़क में कई जगहों पर सड़क दबने भी लगा हैं..

ग्रामीणों के मुताबिक यह सड़क निर्माण के महज सात महीने में ही दरकने लगी थी । इससे स्थानीय लोग सड़क की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े कर रहे थे, लेकिन जिम्मेदारों ने गुणवत्ता पर ध्यान देना मुनासिब नहीं



समझा । विदित हो कि करीब 16 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गत वर्ष 281.53 लाख की लागत से तैयार किया गया था। योजना की कार्यकारी एजेंसी ग्रामीण विकास विभाग है,जबकि ठेकेदार मेसस हमारा इंफ्रास्ट्रक्चर रायपुर हैं । ग्रामीणों के मुताबिक, निर्माण के छह-सात महीने बाद ही यह सड़क सुपेबेडा गांव के समीप जगह-जगह दरकने लगी थी । इतनी कम अवधि में सड़क में दरारे दिखने से ग्रामीणों में रोष देखा जा रहा है। उधर इस संबंध में जब सब इंजीनियर सौरभ दास से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि सड़क का रखरखाव 5 वर्ष तक करना है। इसके लिए राशि सुरक्षित है।

## पीएम सड़कों में गुणवत्ता का नहीं रखा जा रहा ध्यान

अभी हाल ही में फोकटपारा से लेकर गोहेकेला सीमा तक बनाई गई पीएम सड़क में भी गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया हैं.. क्षेत्र में बनी अधिकांश पीएम सड़कों का हालत खराब स्थिति में है। इन सड़कों का निर्माण हुए मात्र सात से नौ महीने ही हुए हैं। लेकिन, सड़कों में जगह-जगह पड़ी दरारें इस बात की गवाह है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता और इस्टीमेट का कितना ध्यान रखा गया है। सड़कों के निर्माण में विभाग के जिम्मेदार अधिकारीयों द्वारा शुरु से ही मेटेरियल की जांच न करने का खमियाजा आज स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

# चुनाव शांतिपूर्ण कराने हेतु थाना गोहद चौराहे पर गुंडे बदमाशों की ली क्लास

**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय भिंड श्री शैलेंद्र सिंह चौहान ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय कमलेश कुमार खरपुसे तथा एसडीओपी गोहद श्री आरकेएस राठौर जी के निर्देशन पर थाना प्रभारी गौहद चौराहा निरीक्षक रविंद्र शर्मा तथा उप निरीक्षक उपेंद्र धाकड़ द्वारा आज थाना गोहद चौराहा में निगरानी बदमाश सरूपा पुत्र रामचरण मेहतर निवासी ग्राम तेहरा, राकेश पुत्र बाबूराव जाटव निवासी अंबेडकर नगर गोहद चौराहा गुंडा केशव सिंह पुत्र कप्तान सिंह गुर्जर निवासी ग्राम डांग,कमल किशोर अग्रवाल पुत्र श्याम लाल अग्रवाल निवासी ग्राम गोहद चौराहा कल्लू पुत्र महेश सिंह तोमर निवासी ग्राम छिमका को तलब कर चुनाव के दौरान अवैधानिक गतिविधियों से दूर रहने कि हिदायत दी साथ ही सभी बदमाशो के विरुद्ध कि गयी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही व 50000-50000 के मुचलके से बाउंड ओवर कराने की भी जानकारी दी । श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश से भिंड जिले में सूचीबद्ध बदमाशों तथा आदतन अपराधियों के विरुद्ध मुहिम चलाकर सभी को चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए बाउंड ओवर कराया जा रहा है यदि आदतन अपराधी किसी भी अवैधानिक गतिविधियों में भाग लेते हैं तो धारा 122 सीआरपीसी के तहत वारंट तैयार करा उन्हें तुरंत जेल भिजवाया जावेगा ।



# गंगा दशहरा पर वर्षिक महोत्सव ग्वालियर में मनाया गया



## सेवढा समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने महाराज का लिया आशीर्वाद

**ग्वालियर।।** हिन्दू पंचाग के अनुसार गुरुवार को ग्वालियर में गंगा दशहरा के पावन पर्व पर वार्षिक महोत्सव गंगा पूजन एवं भंडारा प्रसाद कार्यक्रम हनुमान सत्संग धाम पर परम पूज्य गुरुदेव महामंडलेश्वर राजगुरु स्वामी संतोसानंद सरस्वती महाराज एवं परम पूज्य गुरुदेव जगद्गुरु आनंदेश्वर महाराज के मार्गदर्शन में हनुमान सत्संग में संपन्न हुआ जिसमें पहुंचकर परम पूज्य गुरुदेव महाराज से सेवढा समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने आशीर्वाद प्राप्त किया वंही उनके जीवनकाल में चलाए जा रहे समाजसेवा के बारे में ओतप्रोत होकर उनके पदचिन्हों का अनुसरण करने की बात युवाओं से कंही और साथ ही बोला समाजसेवा बिना कोई लोभ लालच के करना चाहिए जन मानस की सेवा करना हजारों यज्ञ करने के समान है।

## नगर परिषद पिछोर में चुनरी यात्रा निकाली गई महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष आरती त्रिपाठी द्वारा

**पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर,** नगर परिषद पिछोर में चुनरी यात्रा निकाली गई जिसमें समस्त महिलाओं ने चुनरी यात्रा को सफल बनाने के लिए एकता अखंडता का परिचय दिया जिसमें महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष आरती त्रिपाठी द्वारा यह चुनरी यात्रा निकाला बाई गई जिसमें समस्त महिलाओं ने चुनरी यात्रा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और राधा कृष्ण मंदिर से चुनरी यात्रा प्रारंभ हुई नगर परिषद पिछोर की प्रमुख मार्गों से होते हुए चुनरी यात्रा को बिजासन मंदिर पर ले जाया गया जहां पर 51 चुनरी माता मंदिर बिजासन देवी पर चढ़ाई गई साथ ही पिछोर नगर परिषद से समस्त महिलाओं ने चुनरी यात्रा में सम्मिलित हुई साथ ही चुनरी यात्रा बड़े भव्य तरीके से नगर में निकाली गई जिसमें समस्त महिलाओं द्वारा 51 चुनरी की यात्रा की गई और बीजा सेन माता मंदिर पर यह चुनरी चढ़ाई गई



# आदतन अपराधियों पर गोहद चौराहा पुलिस ने कसा शिकंजा





## वर्दी के साथ पुलिस कि हमदर्दी भी आई नजर

**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद ।** चुनावों के मद्देनजर भिंड पुलिस द्वारा आदतन अपराधियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है आदतन अपराधियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करके उनको बाउंड ओवर कराया जा रहा है । बदमाशों को घरों पर जाकर चेक कर बाउंड ओवर कराए जाने संबंधी बंधपत्र भी आरोपियों को दिया जा रहा है । थाना गोहद चौराहा पुलिस द्वारा ऐसे ही आदतन अपराधियों के घर पर दबिश जी जाकर पुलिस की निगरानी संबंधी पम्पलेट चस्पा किए गए साथ हि बंध पत्र दिया जाकर बाउंड ओवर की कार्यवाही से अवगत कराया गया । निगरानी बदमाश संजू जाटव को चेक करते समय पुलिस को वहाँ कुछ बच्चे दिखे थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा ने बच्चो से स्नेह कर मौके पर ही बिस्कुट व चॉकलेट वितरित कर बच्चो को दुलारा तथा बदमाशों पर सख्ती के साथ आम आदमी के प्रति हमदर्दी भी पुलिस रखती है यह संदेश दिया ।

# किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध मोदी सरकारः राजेंद्र सिंह गुर्जर

**संतोष सिंह भदौरिया**
**दैनिक पुष्पांजलि टुडे न्यूज़**

**भिण्ड** /किसान मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी अजय शर्मा द्वारा बताया गया कि मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुर्जर एवं जिला अध्यक्ष विजय देपुरिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर के प्रति आभार जताते हुए कहा कि भारत सरकार का नेतृत्व कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैबिनेट में किसानों के प्रति संवेदनशील होकर ऐतिहासिक निर्णय लिया है इससे किसानों को लाभ प्राप्त होगा और आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारा से जुड़ेंगे । किसानों की आय बढ़ाने के लिए मोदी जी का कुशल नेतृत्व प्रतिबद्ध है जिन्होंने देश के किसानों के लिए अनेकों योजनाओं के साथ कृषि के क्षेत्र में किसानों के भविष्य को आगे बढ़ाने का कार्य किया है भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय दैपुरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भारत सरकार में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने केंद्रीय कैबिनेट में खरीद की सभी 14 फसलों सहित कुल 17 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में लागत से 50 फीट से अधिक बढ़ोतरी करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है इससे किसानों के अनेकों लाभ प्राप्त होंगे । उन्होंने कहा कि इस किसान हितेषी निर्णय से देशभर के अन्नदाता किसानों को फसल की लागत पर 50 से 85 सीसी तक लाभ प्राप्त होगा हमारी भारत सरकार किसान हितैषी सरकार है द्य कैबिनेट में लिए गए किसान हितैषी निर्णय के लिए भाजपा किसान मोर्चा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया द्ध पीएम नरेंद्र मोदी के आभार और धन्यवाद ज्ञापन करने वालों में मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उपेंद्र सिंह भदौरिया राजन, रघुवीर सिंह पवैया, मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय सिंह भदौरिया,अजीत सिंह गोरैया, जिला उपाध्यक्ष में धर्मेंद्र तिवारी कृष्ण कुमार त्यागी जिला महामंत्रियों में धर्मेंद्र सिंह कुशवाह, अशोक सिंह बघेल, महेंद्र सिंह कुशवाह, आदि प्रमुख है ल





# राजपुरोहित समाज भंवन में एक शाम गौमाता के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूर-** मैसूर रोड़ सैटेलाइट बस स्टैंड स्थित राजपुरोहित समाज भवन परिसर में एक शाम गौमाता के नाम का विशाल भजन संध्या का आयोजित किया गया ।सर्वप्रथम संत खेतेश्वर महराज के समक्ष दीप प्रज्वलित कर राजस्थान से पधारे भजन गायक ऋषि संत प्रकाश दास महाराज की ओर से राजस्थानी भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को देर रात तक झूमने पर मजबूत कर दिया ।इस अवसर समाज बन्धुओं ने संरक्षित गायो के चारे पानी की व्यवस्था हेतु गौसहायतार्थ राशि भेंट की गई। इस अवसर पर राजस्थान में तीर्थ स्थल पुष्कर में ब्रामणों के भोजन के लिए भी समाज बन्धुओं ने बड़ी संख्या राशि भेंट की गई।इस कार्यक्रम स्थल पर प्रसादी की व्यवस्था रखी गई ।इस अवसर पर राजपुरोहित समाज व सीरवी समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे ।




# युवा नेता राजेंद्र सैनी श्रीमद् भागवत कथा में परिवारजनों के साथ शामिल होकर आचार्य श्री बनवारी लाल जी शास्त्री का स्वागत सत्कार कर आशिर्वाद लिया

**पुष्पांजलीं टुडे**

**राजस्थान।** सभी श्रोतागणों को प्रसादी वितरण की। इस अवसर पर रघुवीर जी सेक्रेटरी,भगवान सिंह जी चौधरी, संजय मीणा जी सरपंच प्रतिनिधि,मोहनलाल जी जाट (ठेकेदार),रामनारायण जी पूर्व सरपंच,रामनिवास जी पटेल, केदार जी प्रजापत,कन्हैया लाल जी रामखिलाड़ी जी,मूलचंद जी,रमेश जी,रामचरण जी ड्राइवर, गिर्राज जी प्रजापत, मोहन जी सैनी,मुकेश जी,बत्तीलाल जी,जीतू चौधरी जी मेंबर,राजू सैनी जी (आरा मशीन), बबलू,हेमराज,विजय सैनी,रिंकु, संजय,रवि,दिनेश, पंखीलाल,आदि कई परिवारजन एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# थाना नरवर क्षेत्र मे चुनाव के दौरान खपाने हेतु ले जाई जा रही अवैध 400 क्वाटर शराब एंव कार जप्त की एवं शराब बनाने का बारदाना भी पकडा

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** श्रीमान पुलिस अधीक्षक शिवपुरी महोदय के द्वारा दिये गये निर्देशो एवं चलाये जा रहे नशीले पदार्थो की धरपकड के अभियान एवं चुनाव को मद्देनजर रखते हुऐ दिये गये निर्देशो के पालन मे श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन मे श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस करैरा श्री जी डी शर्मा के द्वारा थाना प्रभारी नरवर को निर्देशित किया गया कि अवैध शराब के विरूद्ध प्रभावी कार्वाही करे जिसके पालन मे थाना प्रभारी नरवर निरीक्षक आलोक सिह भदौरिया को दिनांक 09.6.22 को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि हरदौलपुरा मगरौनी से एक नीले रंग की मारूती सुजुकी एक्स प्रैसो क्र0 द्वश्च07ष्द्9057 से अवैध शराब नरवर तरफ खपाने के लिये ले जी जा रही है । उक्त सूचना की तस्दीक एंव कार्यवाही हेतु चौकी प्रभारी मगरौनी उप निरीक्षक मनीष सिंह ,उनि अजय मिश्रा एवं सउनि मुरारी यादव, सउनि भूपेन्द्र परमार ,सउनि रतीराम चौखोटिया ,का.वा. सउनि अरविन्द सगर ,का.वा. प्र.आर. 689 वीरेन्द्र ,का.वा. प्र0 आर0 217 विपिन यादव एवं आर0 332 देवेन्द्र सिंह परिहार आर0 972 विकाश परिहार आर0 411 मलखान सिंह गुर्जर आर0 112 हुकुम सिंह , आर0 743 सुनील रावत, आर0 चालक 707 अमन सिकरवार की मादक पदार्थो की धरपकड के लिये रवाना किया गया । जिसने किशनपुर नहर की पुलिया के आगे उक्त नीले रंग की मारूती सुजुकी एक्स प्रैसो क्र0 द्वश्च07ष्द्9057 कार को रोका चेक किया तो उसमे कुल 400 क्वाटर देशी मदिरा के एवं 545 खाली क्वाटर बारदाने के 1430 ढक्कन नीले रंग के एवं 530 ढक्कन पीले रंग के ढक्कन एवं 133 होलोग्राम को उक्त कार से अवेध रूप से रखे होने से मौके पर जप्त किये गये एवं दो आरोपीयो को मौके पर ही गिरफ्तार कर आरोपी गमो के विरूध्द धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध कायम किया गया है। उक्त कार्वाही मे निरीक्षक आलोक सिंह भदौरिया ,उप निरीक्षक मनीष सिंह जादौन ,उनि अजय मिश्रा व सउनि भूपेन्द्र सिंह परमार ,सउनि मुरारी यादव, सउनि रतीराम चौखोटिया,का.वा. सउनि अरविन्द सगर , का.वा. प्र0आर0 689 वीरेन्द्र प्र0 आर0 217 विपिन सिंह यादव एवं आर0 332 देवेन्द्र सिंह परिहार,आर0 972 विकाश भदौरिया आर0 411 मलखान सिंह गुर्जर आर0 112 हुकुम सिंह ,आर0 743 सुनील रावत, आर0 चालक 707 अमन सिकरवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# पंचायत चुनाव को लेकर उपनिरीक्षक अनिल गुर्जर ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान व एसडीओपी अवनीश बंसल लहार में मार्गदर्शन एवम थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा के निर्देशन में उपनिरीक्षक अनिल गुर्जर ने दबोह क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।यहां बता दें कि मध्यप्रदेश में आगामी चुनाव की घोषणा होते ही नामांकन फॉर्म भरे जाने लगे है साथ ही सभी जगह पोलिंग बूथों पर भी तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं।इसी क्रम में दबोह थाना पुलिस चुनाव को लेकर सतर्क दिखी।आगामी चुनाव के चलते उपनिरीक्षक अनिल गुर्जर ने दबोह थाना अंतर्गत आने वाली पोलिंग बूथ विजपुर,सिंगोसा ज्ञानपुरा आदि ग्रामो का भ्रमण कर चुनाव की स्तिथियों व व्यवस्थाओ का जायजा लिया।इस दौरान थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अनिल गुर्जर ने मीडिया से बातचीत में बताया कि भिण्ड पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन में चुनाव के चलते क्षेत्र में पुलिस अपनी कड़ी निगरानी रखे हुए है जिससे कि आगामी चुनाव शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हो सके।साथ ही उन्होंने बताया कि समय समय पर नामांकन केंद्र व पोलिंग बूथों का भृमण भी किया जा रहा है।इस दौरान उपनिरीक्षक अनिल सिंह गुर्जर के साथ आरक्षक आनन्द कुशवाह,सतेंद्र यादव,संजय सहित थाना दबोह स्टाफ मौजूद रहा।





# सामूहिक विवाह सम्मेलनों के माध्यम से समाज में फैली कुरीतियां एवं दहेज प्रथा को बंद किया जाए : ओ पी एस भदौरिया

### अमायन में राठौर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 15 जोड़ों को राज्यमंत्री भदौरिया द्वारा उपहार भेंट किए और कन्यादान लिया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के माध्यम से समाज के अंतिम छोर तक के हर व्यक्ति को ?51000 देने की घोषणा की और यह योजना का लाभ जनता उठा रही है । हम सब जागृत होकर ऐसा रचनात्मक कार्य करें जो मध्य प्रदेश सरकार की योजना के तहत हर गरीब मजदूर की बेटियों का विवाह सामूहिक सम्मेलनों के माध्यम से किया जाए ताकि हमारे समाज में फैली हुई कुरीतियां और दहेज प्रथा को पूर्ण रुप से बंद किया जाए । मैं आयोजकों को बधाई देता हूं की इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में चलते रहें जिससे अन्य समाज को भी प्रेरणा मिले द्य यह उद्गार मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने राठौर समाज द्वारा आयोजित अमन सुबह में सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्मिलित होने आए वर-वधु के परिवारजनों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए द्य

उन्होंने कहा कि राठौर समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन के कार्यक्रम आयोजित करते रहे और जो परिवार आर्थिक अभाव में अपनी बेटियों की शादी नहीं कर पाते हैं उन्हें हम सब श्रवण कुमार की भूमिका में आकर के समाज हित में कार्य करना चाहिए ताकि दहेज प्रथा जो हमारे लिए कलंकित बनी हुई है और यह हमेशा के लिए समाप्त की जानी चाहिए विवाह सम्मेलन के माध्यम से मध्य प्रदेश सरकार की योजना के साथ कार्यक्रम आयोजित हो ताकि हर परिवार को मदद मिले और बेटियों की शादी भी आकर्षक का केंद्र बनकर अपने ससुराल जा सके मध्य प्रदेश सरकार ने जन्म से लेकर विवाह अनेकों योजनाएं बेटियों के लिए बनाई हैद्य हर समाज उस योजना का लाभ ले राठौर समाज अपने रचनात्मक कार्यक्रमों से अन्य समाज को भी प्रेरणा देंद्य राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने अमायन में राठौर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्मिलित होकर नव युवकों को सफलतापूर्वक वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं । वर-वधू को आशीर्वाद देते हुए कन्यादान भी लिया और 15 जोड़ों को उपहार भेंट किए कर ही प्रमाण पत्र भी दिए द्य सम्मेलन में वर-वधु के परिवारजनों ने उत्साह पूर्वक अपनी बेटियों के हाथ पीले करते हुए उनकी विदाई की और एक दूसरे के गले मिलते हुए शुभकामनाओं के साथ विवाह को पूर्ण रूप से संपन्न कराने में सहयोग प्रदान किया इस अवसर पर राठौर समाज सामूहिक विवाह कमेटी के आयोजक पदाधिकारि विशेष रूप से मौजूद थे





## म.प्र.राज्य सेवा एवं राज्य वन प्रारंभिक परीक्षा हेतु कंट्रोल रूम गठित

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** म.प्र.लोक सेवा आयोग इन्दौर द्वारा राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2021 दो सत्रों में रविवार 19 जून को आयोजित की जायेगी। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा दो सत्रों में शिवपुरी शहर में कुल 16 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी। परीक्षा प्रातः 10 से 12 बजे एवं दोपहर 2.15 से 4.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2021 को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु कंट्रोल रूम स्थापित कर अधिकारी एवं कर्मचारी नियुक्त किए गए है। उक्त परीक्षा के सफल संचालन एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी श्री उमेश प्रकाश शुक्ला को प्रशासनिक ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। परीक्षा हेतु गठित कंट्रोल रूम में नियुक्त कर्मचारियों में कलेक्ट्रेट के सहायक वर्ग-तीन श्री रफीक खान (7898140806) तथा तहसील शिवपुरी के सहायक ग्रेड-3 श्री रोहित चिडार (8889410066) शामिल है। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07492-233881 रहेगा। कंट्रोल रूम में 19 जून को प्रातः 9 बजे से सायंकाल 6 बजे तक सुचारू रूप से कार्य संपादित किया जाएगा।

## भाजपा के बूथ विजय संकल्प की शुरुआत सीएम और प्रदेशाध्यक्ष भी पहुंचे बूथ केंद्र



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के बूथ विजय संकल्प अभियान की शुरुआत हो गई है। इसके तहत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित सभी मंत्री, विधायक, सांसद व सभी वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ता पूरे प्रदेश के 65 हजार से अधिक मतदान केंद्रो पर पहुंचे। उन्होंने ने कार्यकर्ताओं को विजय का संकल्प दिलाया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल के पंचशील नगर स्थित मतदान केंद्र पर पहुचे उन्होंने कहा कि यह भाजपा है, जिसका उम्मीदवार कमल का फूल है, अभी हमारे प्रत्याशी घोषित नहीं हुए है, लेकिन आज से मतदान केंद्र पर कार्य शुरु हो गया है, क्योंकि हम विकास और जनता की सेवा के लिए जनता की पार्टी है।

## चुनाव में मतदान केन्द्र पर 10 मिनट के अन्दर फोर्स रहैगा उपलब्धः एसडीएम राजीव समाधिया

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**अम्बाह...** अम्बाह एसडीएम राजीव समाधिया ने कहा कि मतदान केन्द्रौ पर पर्याप्त पुलिस बल रहेगा, इसके अलावा कलस्टर बनाये जा रहें है। वहां क्षमता से अधिक फोर्स उपलब्ध रहेगा, सूचना मिलते ही कलस्टर से फोर्स तत्काल मतदान केन्द्र पर पहुंचकर स्थिति को काबू करेगा। इसके अलावा स्वंम एसडीएम तहसील दार, एसडीओपी थाना प्रभारी उसी क्षेत्र में मूब करेंगे, जहां से मतदान दूषित होने की सूचना मिलेगी। उन्होंने कहा कि मैं और एसडीओपी भी तत्काल उसी क्षेत्र में पहुंचने का प्रयास करेंगे। श्री समाधिया ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में शराब या अन्य प्रकार की सामग्री बटने की सूचना मिलते ही अधिकारी मौके पर पहुंचे। और उन्हौने ने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करें, ग्रामीणों के बीच बैठकर उनको समझायें कि मतदान में सभी स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न करायें। चुनाव दूषित करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्वाही होगी, जो एक नजीर बनेगी जो उन्होंने सोचा भी नहीं होगा। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि चुनाव में लापरवाही बरतोगे तो खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान छोटी से छोटी घटनाओं को मुझे, एसडीओपी एवं अपने से वरिष्ठ अधिकारियों को अवश्य संज्ञान में लायें। और उन्हौने कहा कि बाहरी व्यक्ति बिना किसी काम के रूके हुये है, उन्हें तत्काल उठायें और कार्वाही करें।








## गरियाबंद : मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना अंतर्गत ऋण हेतु आवेदन 30 जून तक आमंत्रित

**पुष्पांजली टुडे**

**छत्तीसगढ़।** त्रिलोकी तिवारी ,जिला ब्यूरो चीफ गरियाबंद जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र गरियाबंद द्वारा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत विगत वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल 20 हितग्राहियों को बैंक के माध्यम से 36.72 लाख रूपये ऋण स्वीकृत कर 7.71 लाख रूपये का मार्जिन मनी अनुदान मुहैया कराया गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 20 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। प्राप्त लक्ष्यों की पूर्ति हेतु आवेदकों से ऑनलाईन आवेदन 30 जून 2022 तक आमंत्रित किये गये हैं। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना छत्तीसगढ़ शासन का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसके तहत पात्र हितग्राहियों को सेवा, व्यवसाय एवं उद्योग इकाई के स्थापना हेतु राष्ट्रीयकृत बैंको के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाता है। जिसके तहत व्यवसाय इकाई हेतु 2 लाख रूपये एवं सेवा इकाई हेतु अधिकतम 10 लाख रूपये तथा उद्योग इकाई हेतु 25 लाख रूपये तक ऋण मुहैया कराया जाता है। इच्छुक आवेदक जो कम से कम आठवीं उत्तीर्ण हो तथा गरियाबंद जिले के निवासी है वे आवेदन के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत/नगर पंचायत का जनसंख्या एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र (जहां उद्यम स्थापित करना चाहते है), भूमि/भवन हेतु दस्तावेज, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, पासपोर्ट साईज फोटो, शासकीय योजना के अंतर्गत अनुदान न लिये जाने एवं परिवार की वार्षिक आय के संबंध में शपथ पत्र, पहचान पत्र आधार कार्ड/पेनकार्ड/निर्वाचन पहचान पत्र/राशन कार्ड तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की दो प्रतियों में संयुक्त जिला कार्यालय स्थित जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कक्ष क्रमांक-92, दूरभाष +91-07706-241268 पर कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं।

## भारतीय जनता पार्टी मंडल इंदरगढ़ में माननीय सुरेंद्र बुधौलिया जी जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के मुख्य आतिथ्य एवं श्री रामलखन गुर्जर मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी की अध्यक्षता में प्रत्येक बूथ पर विजय संकल्प लिया गया

**पुष्पांजलीं न्यूज़ टुडे**

**इंदरगढ़ ।** इस अभियान के तहत प्रत्येक बूथ पर बूथ समिति एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता एकत्रित होकर बूथ पर 51 प्रतिशत मत भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में दिलाने का संकल्प लिया गया इस अवसर पर सुरेंद्र बुधौलिया जी ने कहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने जिन गरीबों के पास कच्चे मकान थे उनका प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान बनवाया जिन परिवारों में गैस सिलेंडर नहीं थे उन्हें उज्जवला योजना के तहत रसोई गैस के सिलेंडर दिलवाए यदि किसी परिवार में परिवार के मुखिया की मृत्यु हो जाती है तो संबल योजना के तहत चार लाख या दो लाख की राशि संबल योजना के तहत दी जाती है लक्ष्मी योजना के तहत कन्याओं के विवाह के लिए राशि दी जाती है कोरोना महामारी के समय भी सरकार ने पात्र हितग्राहियों को निशुल्क अन्य वितरण किया यह सब भारतीय जनता पार्टी की सरकार की योजनाएं लेकर हर घर तक पहुंचना है एवं भाजपा की योजनाओं के बारे में समझाना है इस अवसर पर उपस्थित राजेश दांतरे जी जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी लक्ष्मीकांत खरे जी जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी विनय गुर्जर जी जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी विजय दांतरे जी शक्ति केंद्र संयोजक सुरेश बालाजी ओम प्रकाश मेंबर जी अनूप दांतरे जी विक्की नागरिया जी मंडल उपाध्यक्ष लल्लू यादव जी उदय सेन जी राजू बालाजी चप्पू पठान जी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता बूथ समिति अध्यक्ष महामंत्री बी एल ए सदस्य आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे




# वाहनों पर लगे झंडे और काली फिल्म हटवाईः ट्रैफिक पुलिस के उपनिरीक्षक नीरज शर्मा का चैकिंग अभियान

**उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** एसपी शैलेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशन में ट्रैफिक पुलिस के उपनिरीक्षक नीरज शर्मा ने वाहनों की चैकिंग की चेकिंग के दौरान इटावा चुंगी पर शुक्रवार को एसपी के निर्देशनो पालन कराने के लिए वाहनों की चेकिंग कर गाड़ियों पर लगे झंडे एवं शीशे पर लगी काली फिल्म को हटवाया इस दौरान वाहन चालकों के हेलमेट एवं कागजात की जांच कर उनसे समन शुल्क की वसूली की एसपी शैलेन्द्र सिंह चौहान के निर्देश पर नीरज शर्मा के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस ने जगह जगह तिराहे पर वाहनों की जांच की इस दौरान वाहनों में लगे झंडे एवं काली फिल्म को हटवाया जिन वाहन चालकों के पास कागजात पूर्ण नहीं थे या दोपहिया वाहन चालक हेलमेट नहीं लगाए थे उनका चालान किया गया तथा शमन शुल्क की वसूली की गई ट्रैफिक पुलिस के उपनिरीक्षक नीरज शर्मा ने कहा कि चुनाव संपन्न होने पर आयोग के निर्देश पर विशेष अभियान चला कर वाहनों की चेकिंग की जा रही है कागजात पूर्ण न होने एवं नगदी रकम लेकर चलने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी उन्होंने वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि वह अपनी गाड़ियों से काली फिल्म एवं किसी भी राजनीतिक दल का झंडा उतार लें ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानियों का सामना करना न पड़े इसके अलावा नगदी पैसा लेकर चलने वाले लोगों को भी उसका पर्याप्त कारण बताना होगा अन्यथा पैसा जब्त कर लिया जाएगा। चेकिंग के दौरान बहुत से वाहन चालक सिफारिश करते दिखाई दिए पुलिस कर्मियों ने किसी भी प्रकार की रियायत न बरतते हुए कहा कि इस समय चुनाव आयोग के निर्देश पर जांच अभियान चलाया जा रहा है पकड़े जाने पर चाहे वह कितना ही पहुंच वाला व्यक्ति क्यों न हो उसे बख्शा नहीं जाएगा जांच के दौरान ट्रैफिक पुलिस के उपनिरीक्षक नीरज सहित पुलिस के जवान मौजूद रहे।



## प्रदेश में सोयाबीन बीज पर मिलेगा 2000 रुपए का अनुदान, सभी फसलों के बीज की दर तय

**भोपाल।** प्रदेश में 15 जून के बाद खरीफ फसलों की बोवनी का काम शुरू हो जाएगा। राज्य सरकार ने 25 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज का इंतजाम भी कर लिया है। साथ ही किसानों को सहकारी समिति और बीज संघ के माध्यम से दिए जाने वाले बीजों की दर भी तय कर दी है। सोयाबीन का प्रमाणित बीज 8100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से दिया जाएगा। इस पर 2000 रुपये का अनुदान दिया जाएगा। इसी तरह सुगंधित धान के बीज की दर 3100 रुपये प्रति क्विंटल और अरहर (तुअर) के बीज की दर 4500 रुपये प्रति क्विंटल तय की गई है। इसके साथ ही सरकार ने किसानों से बीज खरीदने की दर भी तय कर दी है। अपर मुख्य सचिव (कृषि) अजीत केसरी ने बताया कि किसानों को जो भी बीज नकद में दिया जाएगा, उसे ऋण पुस्तिका में दर्ज करना होगा। बीज संस्थाएं अधिकतम 30 प्रतिशत बीज नकद में बेच सकती हैं। प्रदेश के किसानों को ही बीज वितरण करने पर अनुदान की पात्रता मिलेगी। किसानों को बीज विक्रय करने की दर तय करने के साथ ही पंजीकृत किसानों से प्रमाणित बीज खरीदने की दर भी तय कर दी गई है।सोयाबीन का बीज 7500, तिल 9100, रामतिल 6950, मूंगफली छिलकायुक्त 5600, धान सुगंधित 2600, धान मोटा 2000, धान पतला 2500, मक्का 2000 , मक्का हाइब्रिड 9000 , ज्वार 2500, कोदो 2500 , मूंग 7300, उड़द 6450 और अरहर का प्रति क्विंटल प्रमाणित बीज 6,400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से उपार्जित किया जाएगा।



# होम कंपोस्टिंग खाद के लिये तैयार मटके, घर-घर जाकर किये जा रहे हैं वितरित





ग्वालियर। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार स्वच्छता में नवाचार के लिये नगर निगम ग्वालियर द्वारा विभिन्न नये प्रयोग कर अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी सामग्री बनाकर आमनागरिकों को नवाचार के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी के तहत बडी संख्या में पुराने मटकों को कंपोस्टिंग खाद के लिये तैयार किया गया है। जिन्हें घरों में वितरित किया जा रहा है।

स्वास्थ्य अधिकारी भीष्म पमनानी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में नवाचार से संबंधित कार्यों के लिए एवं वार्ड स्तर पर आम जनों के घर से अनुपयोगी वस्तुओं को एकत्र कर उनको पुनः उपयोग हेतु बनाने के लिये निगम द्वारा कई नवाचार किये जा रहे हैं। जिसके तहत जोन क्रमांक 20 के वार्ड मॉनिटर श्री सत्येन्द्र सोलंकी के सहयोग से एसआई श्री रामचन्द्र धौलपुरिया एवं डब्ल्यूएचओ 53 श्री हरप्रसाद ने पुराने मटको का उपयोग होम कंपोस्टिंग मटका खाद प्लांट के बडी संख्या में तैयार किये हैं। उनका कहना है कि घरों में खाद बनाने की बडी समस्या रहती थी अब आसानी से घरों में भी वेस्टेज मटकों से खाद बनाई जा सकेगी और उस खाद का उपयोग घमलों मे लगे पौधो को देने में कर सकते हैं। आज विभिन्न वार्डों में घर-घर जाकर यह मटके वितरित किये गए।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्वालियर) प्रधान महालेखाकार कार्यालय में जीपीएफ अदालत 15 जून को

ग्वालियर । प्रधान महालेखाकार कार्यालय (लेखा एवं हकदारी) द्वितीय लेखा भवन में 15 जून को जीपएफ अदालत का आयोजन होगा। झाँसी रोड़ स्थित प्रधान महालेखाकार द्वितीय लेखा भवन में ए-ब्लॉक 5वे लोर पर इस दिन प्रात: 10 बजे से सायंकाल 5 बजे तक जीपीएफ अदालत लगेगी। इसमें ग्वालियर संभाग के शासकीय सेवकों की सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। शासकीय सेवकों से अदालत का फायदा उठाकर भविष्य निधि संबंधित शिकायतों का निराकरण कराने का आग्रह किया गया है।

### अज्ञात आरोपियों की गिर तारी पर 30 हजार का इनाम

ग्वालियर। एमपीडीपीके एक्ट के प्रकरण में वांछित अज्ञात आरोपियों की गिर तारी पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ग्वालियर डी श्रीनिवास वर्मा ने 30 हजार रूपए का इनाम घोषित किया है। वांछित अज्ञात अपराधियों के खिलाफ पुलिस थाना गोला का मंदिर में 11/13 एमपीडीपीके एक्ट एवं भारतीय दण्ड विधान की धारा-395 के तहत आपराधिक मामले दर्ज हैं, जो भी व्यक्ति विधि संगत तरीके से इन अज्ञात आरोपियों को गिर तार कराने में मदद करेंगे या इन आरोपियों के संबंध में सटीक सूचना देंगे उन्हें यह इनाम दिया जायेगा।

### नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2022 11 जून से शुरू होगा नाम निर्देशन-पत्र भरने का सिलसिला

ग्वालियर । राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए घोषित कार्यक्रम के तहत 11 जून से नाम निर्देशन-पत्र लिये जायेंगे। ग्वालियर जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशन में नाम निर्देशन- पत्र लेने की सभी तैयारियाँ कर ली गई हैं। निर्वाचन की सूचना, सीटों के आरक्षण की सूचना और मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन तथा नाम निर्देशन-पत्र लेने का कार्य 11 जून को सुबह 10:30 बजे से शुरू होगा। नाम निर्देशन-पत्र लेने की अंतिम तारीख 18 जून (अपरान्ह 3 बजे तक) है। नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा 20 जून को होगी। अ यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 22 जून (अपरान्ह 3 बजे तक) है। इसी दिन अ यार्थियों को निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन होगा।

### जिले के अन्य नगरीय निकायों में यहाँ जमा होंगे नाम निर्देशन पत्र

नाम निर्देशन-पत्र के साथ अ यर्थी को निक्षेप राशि भी जमा करनी होगी। महापौर के लिए 20 हजार, नगरपालिक निगम के पार्षद के लिए 5 हजार, नगरपालिका परिषद् के लिए 3 हजार और नगर परिषद के पार्षद के लिए एक हजार रूपये की निक्षेप राशि निर्धारित है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिला अ यर्थी के मामले में निर्धारित निक्षेप राशि की आधी राशि जमा करनी होगी। नाम निर्देशन-पत्र के साथ अ यर्थी को निर्धारित प्रारूप में शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा। शपथ-पत्र में अ यर्थी के आपराधिक रिकार्ड, आस्तियों, दायित्वों तथा शैक्षणिक अर्हता की घोषणा होगी। रिटर्निंग आफिसर द्वारा इस जानकारी का सार्वजनिक प्रदर्शन कार्यालय के सूचना पटल पर किया जायेगा। नगरीय निकाय निर्वाचन में %%नोटा%% (इनमें से कोई नहीं) का विकल्प उपलब्ध होगा। रिटर्निंग आफिसर के कक्ष में नाम निर्देशन-पत्र प्रस्तुत किये जाने के दौरान अ यर्थी के साथ अधिकतम 3 व्यक्ति प्रवेश कर सकेंगे।

**ऑनलाइन भी भरे जा सकेंगे :** नगरीय निकायों के अ यर्थियों को नाम निर्देशन-पत्र जमा करने के लिए ऑनलाइन की वैकल्पिक सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। अ यर्थी स्वयं लेपटॉप-डेस्कटॉप या सायबर कैफे, एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क अथवा लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से अपना नाम निर्देशन-पत्र भर सकता है। ऑनलाइन भरे गए नाम निर्देशन-पत्र की हार्ड कापी निर्धारित समयावधि में रिटर्निंग आफिसर के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

### होम कंपोस्टिंग खाद के लिये तैयार मटके, घर-घर जाकर किये जा रहे हैं वितरित

ग्वालियर । निगमायुक्त किशोर कन्याल के निर्देशानुसार स्वच्छता में नवाचार के लिये नगर निगम ग्वालियर द्वारा विभिन्न नये प्रयोग कर अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी सामग्री बनाकर आमनागरिकों को नवाचार के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी के तहत बडी सं या में पुराने मटकों को कंपोस्टिंग खाद के लिये तैयार किया गया है। जिन्हें घरों में वितरित किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी भीष्म पमनानी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में नवाचार से संबंधित कार्यों के लिए एवं वार्ड स्तर पर आम जनों के घर से अनुपयोगी वस्तुओं को एकत्र कर उनको पुनः उपयोग हेतु बनाने के लिये निगम द्वारा कई नवाचार किये जा रहे हैं। जिसके तहत जोन क्रमांक 20 के वार्ड मॉनिटर सत्येन्द्र सोलंकी के सहयोग से एसआई रामचन्द्र धौलपुरिया एवं डब्ल्यूएचओ 53 श्री हरप्रसाद ने पुराने मटको का उपयोग होम कंपोस्टिंग मटका खाद प्लांट के बडी सं या में तैयार किये हैं।

# 11 जून से शुरू होगा नाम निर्देशन-पत्र भरने का सिलसिला

### नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2022

ग्वालियर। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए घोषित कार्यक्रम के तहत 11 जून से नाम निर्देशन-पत्र लिये जायेंगे। ग्वालियर जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशन में नाम निर्देशन- पत्र लेने की सभी तैयारियाँ कर ली गई हैं। निर्वाचन की सूचना, सीटों के आरक्षण की सूचना और मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन तथा नाम निर्देशन-पत्र लेने का कार्य 11 जून को सुबह 10:30 बजे से शुरू होगा। नाम निर्देशन-पत्र लेने की अंतिम तारीख 18 जून (अपरान्ह 3 बजे तक) है। नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा 20 जून को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 22 जून (अपरान्ह 3 बजे तक) है। इसी दिन अभ्यार्थियों को निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन होगा।

### ग्वालियर नगर निगम के लिए यहाँ लिए जायेंगे नाम निर्देशन पत्र

महापौर पद के लिये कलेक्ट्रेट में भू-तल स्थित कक्ष क्र.-101 कलेक्ट्रेट न्यायालय में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जायेंगे। पार्षद पद के लिये वार्ड-1 से वार्ड-11 तक कलेक्ट्रेट के प्रथम तल स्थित कक्ष क्र.-208, वार्ड-12 से 22 तक कलेक्ट्रेट के भू-तल स्थित कक्ष क्र.-109, वार्ड 23 से 33 तक कलेक्ट्रेट के भू-तल स्थित कक्ष क्र.-108, वार्ड 34 से 44 तक कलेक्ट्रेट के प्रथम तल स्थित कक्ष क्र.-214, वार्ड-45 से 55 तक कलेक्ट्रेट के प्रथम तल स्थित कक्ष क्र.-209 एवं वार्ड 56 से 66 तक पार्षद पद के अभ्यर्थियों से कलेक्ट्रेट के भू-तल पर स्थित कक्ष क्र.-107 में संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जायेंगे।

### जिले के अन्य नगरीय निकायों में यहाँ जमा होंगे नाम निर्देशन पत्र

पार्षद पद के लिए नगर पालिका डबरा में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय डबरा, नगर परिषद पिछोर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी कार्यालय पिछोर, बिलौआ में मुख्य नगर पालिका अधिकारी कार्यालय बिलौआ, भितरवार में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय भितरवार, आंतरी में मुख्य नगर पालिका अधिकारी कार्यालय आंतरी एवं नगर परिषद मोहना में पार्षद पद के लिये नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का काम होगा।

### निक्षेप राशि

नाम निर्देशन-पत्र के साथ अभ्यर्थी को निक्षेप राशि भी जमा करनी होगी। महापौर के लिए 20 हजार, नगरपालिक निगम के पार्षद के लिए 5 हजार, नगरपालिका परिषद् के लिए 3 हजार और नगर परिषद के पार्षद के लिए एक हजार रूपये की निक्षेप राशि निर्धारित है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिला अभ्यर्थी के मामले में निर्धारित निक्षेप राशि की आधी राशि जमा करनी होगी। नाम निर्देशन-पत्र के साथ अभ्यर्थी को निर्धारित प्रारूप में शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा। शपथ-पत्र में अभ्यर्थी के आपराधिक रिकार्ड, आस्तियों, दायित्वों तथा शैक्षणिक अर्हता की घोषणा होगी। रिटर्निंग आफिसर द्वारा इस जानकारी का सार्वजनिक प्रदर्शन कार्यालय के सूचना पटल पर किया जायेगा। नगरीय निकाय निर्वाचन में %%नोटा%% (इनमें से कोई नहीं) का विकल्प उपलब्ध होगा। रिटर्निंग आफिसर के कक्ष में नाम निर्देशन-पत्र प्रस्तुत किये जाने के दौरान अभ्यर्थी के साथ अधिकतम 3 व्यक्ति प्रवेश कर सकेंगे।

### ऑनलाइन भी भरे जा सकेंगे

नगरीय निकायों के अभ्यर्थियों को नाम निर्देशन-पत्र जमा करने के लिए ऑनलाइन की वैकल्पिक सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। अभ्यर्थी स्वयं लेपटॉप-डेस्कटॉप या सायबर कैफे, एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क अथवा लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से अपना नाम निर्देशन-पत्र भर सकता है। ऑनलाइन भरे गए नाम निर्देशन-पत्र की हार्ड कापी निर्धारित समयावधि में रिटर्निंग आफिसर के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

### आरक्षित वर्ग के पदों के अभ्यर्थियों को देना होगा जाति प्रमाण-पत्र

अभ्यर्थी के लिए नाम निर्देशन-पत्र में संगत स्थान पर अपनी जाति/वर्ग का स्पष्ट उल्लेख करना आवश्यक है। आरक्षित पद से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी से यह अपेक्षा रहेगी कि वे नाम निर्देशन-पत्र के साथ मध्यप्रदेश शासन के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी शासन के निर्धारित विहित प्ररूप में जाति प्रमाण-पत्र संलग्न करें। मध्यप्रदेश शासन के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत न करने वाले अभ्यर्थी का (आरक्षित वर्ग का सदस्य नहीं होने की स्थिति में) नाम निर्देशन-पत्र निरस्त किया जा सकेगा।

### मतदान

प्रथम चरण का मतदान 6 जुलाई और दूसरे चरण का मतदान 13 जुलाई को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। प्रथम चरण के मतदान की मतगणना और परिणाम की घोषणा 17 जुलाई और दूसरे चरण के मतदान की मतगणना और परिणाम की घोषणा 18 जुलाई को सुबह 9 बजे से होगी।

# कॉग्रेस महापौर पद की उम्मीदवार शोभा सिकरवार ने मंदिरों में पूजा की, महापुरूषों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित किये

### ''गौ एवं कन्या पूजन किया''

ग्वाल्यिर। नगर निगम में कांग्रेस से महापौर पद की उम्मीदवार श्रीमती डॉ. शोभा सतीश सिकरवार ने आज गौ एवं कन्यापूजन कर चुनावी अभियान का श्री गणेश किया। साथ ही अचलेश्वर महादेव मंदिर पर अभिषेक कर आर्शीवाद ल्यिा और महापुरूषों की प्रतिमाओं पर पुष्पहार अर्पित किये तथा मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की। उसके अल्रबा बाबा कपूर साहब की दरगाह पर चादर पोशी की।

महापौर पद की उम्मीदवार श्रीमती डॉ. शोभा सतीश सिकरवार ने आज सुबह गौपूजन के साथ ही तिल्क ल्गाकर कन्यापूजन किया तथा भगवान कोटेश्वर एवं अचलेश्वर महादेव मंदिर पर पूजा, अर्चना की और शंकट मोचन हनुमान मंदिर, भगवान परशुराम मंदिर, सनातन धर्म मंदिर, शीतल्र माता मंदिर, जैन मंदिर, बाल्मिक मंदिर मुरार, श्री रामजानकी मंदिर राधाकृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना की तथा फूल्बाग गुरूद्वारे में मत्था टेका। इसके अल्रवा कैल्रशवामी महाराज माधवराव सिंधिया की नदीगेट स्थित प्रतिमा पर पुष्पांजल्री अर्पित की। साथ ही राष्ट्रपिता महात्मागांधी, संबिधान निर्माता डॉ. भीमराव अंम्बेडकर, बाबू जगजीवन राम की प्रतिमाओं पर श्रद्वासुमन अर्पित किये। वीरांगना ल्क्ष्मी बाई समाधि पर पुष्प आर्पित किए। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहर ल्रल नेहरू, पूर्व प्रधानमंत्री इन्द्रा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री ल्रल बहादुर शास्त्रीं जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये। महाराज मानसिंह तोमर, बीरांगना झल्कारी बाई की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। शहीद चंन्द्रशेखर आजाद एवं भगतसिंह की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित किये। हजीरा चौराहे स्थित रामचंद्र सर्वटे की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया तथा शहीद ल्रल,वाल,पाल की प्रतिमाओं पर माल्यापर्ण किया।





## 'संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी पर 30 हजार का इनाम

ग्वालियर। एमपीडीपीके एक्ट के प्रकरण में वांछित अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ग्वालियर श्री डी श्रीनिवास वर्मा ने 30 हजार रूपए का इनाम घोषित किया है। वांछित अज्ञात अपराधियों के खिलाफ पुलिस थाना गोला का मंदिर में 11/13 एमपीडीपीके एक्ट एवं भारतीय दण्ड विधान की धारा-395 के तहत आपराधिक मामले दर्ज हैं, जो भी व्यक्ति विधि संगत तरीके से इन अज्ञात आरोपियों को गिरफ्तार कराने में मदद करेंगे या इन आरोपियों के संबंध में सटीक सूचना देंगे।

### प्रधान महालेखाकार कार्यालय में जीपीएफ अदालत 15 जून को

ग्वालियर। प्रधान महालेखाकार कार्यालय (लेखा एवं हकदारी) द्वितीय लेखा भवन में 15 जून को जीपएफ अदालत का आयोजन होगा। झाँसी रो? स्थित प्रधान महालेखाकार द्वितीय लेखा भवन में ए-ब्लॉक 5वे फ्लोर पर इस दिन प्रात: 10 बजे से सायंकाल 5 बजे तक जीपीएफ अदालत लगेगी। इसमें ग्वालियर संभाग के शासकीय सेवकों की सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। शासकीय सेवकों से अदालत का फायदा उठाकर भविष्य निधि संबंधित शिकायतों का निराकरण कराने का आग्रह किया गया है।

### संभागीय जनसंपर्क कार्यालय का स्थान परिवर्तन

ग्वालियर। राज्य शासन के संभागीय जनसंपर्क कार्यालय ग्वालियर का स्थल परिवर्तन हो गया है। अब यह कार्यालय रंगमहल गार्डन के सामने और एजी ऑफिस पुल के समीप स्थित ÷कुसुम विला÷ के प्रथम तल पर संचालित होगा। अपर संचालक जनसंपर्क श्री जी एस मौर्य ने संभागीय जनसंपर्क कार्यालय से संबंधित सभी तरह के पत्र व्यवहार अब कार्यालय के नए पते पर करने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि संभागीय जनसंपर्क कार्यालय की सभी गतिविधियाँ अब नए कार्यालय भवन से संचालित होंगीं।

### ग्वालियर में पीड़ित के होने वाले ससुराल में वीडियो भेज सगाई तुड़वाई

ग्वालियर में एक नाबालिग छात्रा से रेप का मामला सामने आया है, आरोपी पीड़िता को उसके भाई व पिता की हत्या की धमकी देकर उससे दुष्कर्म करता रहा। वारदात से पहले उसने अपने दोस्त को कॉल कर दिया था, जिससे वो दूर बैठा रेप को लाइव देखता रहा। साथ ही उस दोस्त ने कॉल के दौरान स्क्रीन शॉट ले लिए और भी बना लिया। ये वारदात जून 2021 में शहर के %एचआर इन% होटल में हुई थी। तब छात्रा करीब 17 साल की थी। इसके बाद आरोपी उसे लगातार ब्लैकमेल कर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। इस बीच जब छात्रा की सगाई पक्की हो गई। आरोपियों ने उसके और फोटो होने वाले ससुराल में भेज दिए। जिसके बाद उसका रिश्ता भी टूट गया है। परेशान होकर छात्रा ने मामले की शिकायत कोतवाली थाने में की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**यह है पूरा मामला :** शहर के नाका चन्द्रवदनी गड्?ढे वाला मोहल्ला में रहने वाली पीड़िता 12वीं की छात्रा है। एक साल पहले जून 2021 में करीब 17 साल की थी तभी उसके पड़ोस में रहने वाले विवेक यादव व लालू साहू ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। लालू साहू उस वक्त उनके ही मोहल्ले में रहता था और तीनों में दोस्ती भी थी। घटना वाले दिन दोनों आरोपियों ने छात्रा के पिता और भाई की हत्या कर धमकी देकर उसे रॉक्सीपुल पर बुलाया था। छात्रा के यहां पहुंचने पर दोनों उसे पास ही स्थित होटल %एचआर इन% ले गए। यहां लालू साहू छात्रा को एक कमरे में लेकर गया, जबकि विवेक वहां से चला गया। होटल के रूम में आरोपी लालू ने छात्रा के साथ दुष्कर्म किया।

**दोस्त को दिखाया लाइव टेलीकास्ट**

आरोपी लालू ने वारदात को अंजाम देते हुए पूरी घटना अपने दोस्त विवेक को भी दिखाई। उसने वारदात से पहले ही विवेक को कॉल करते हुए मोबाइल को रूम में रख दिया था। जिसके बाद विवेक ने पूरे रेप का लाइव टेलीकास्ट देखा और उसे रिकॉर्ड भी कर लिया। वारदात के बाद आरोपी ने धमकी दी थी कि अगर उसने मुंह खोला तो वह उसके फोटो-वीडियो वायरल कर बदनाम कर देंगे। धमकी से डरी पीड़िता चुप रही तो आरोपी उसे लगातार परेशान करने लगे। जिसकी शिकायत उसने झांसी रोड थाने में की, हालांकि डर के चलते वह रेप की बात नहीं बता पाई। सिर्फ छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराया।

**सगाई तुड़वाई तो पहुंची थाने**

हाल ही में छात्रा के पिता ने उसकी सगाई तय कर दी थी। जब आरोपियों को यह पता लगा तो उन्होंने छात्रा को ब्लैकमेल करते हुए मिलने बुलाया। छात्रा ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके न्यूड फोटो-उसके होने वाली ससुराल भेज दिए। छात्रा के ससुर के मोबाइल पर यह वीडियो पहुंचते ही उन्होंने छात्रा के पिता को पूरी बात बताई।






स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478